# JPSC

झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

## प्रारंभिक परीक्षा 2021

6 वर्षों के पेपर्स का विश्लेषण चार्ट का समावेश

# सामान्य अध्ययन

(प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न-पत्र)

## GENERAL STUDIES

(Paper-I & Paper-II)



**Best Practice sets!**

100% सटीक रूप से तैयार किए गए अभ्यास सेट पिछले वर्षों के पेपर्स के अनुसार

इन प्रैक्टिस सैट्स को लगाने से 90% तक अपनी परीक्षा की तैयारी का सटीक आंकलन कर पाएंगे।

## 15 सॉल्व्ड प्रैक्टिस सैट्स

(प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न-पत्र)

एवं 06 सॉल्व्ड पेपर्स

| Code | Price | Pages |
|---|---|---|
| CB672 | ₹ 249 | 310 |

# JPSC

झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

**प्रारंभिक परीक्षा 2021**

AGRAWAL EXAMCART

Paper Pakka Fasega!

# सामान्य अध्ययन


(प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न-पत्र)

## GENERAL STUDIES

(Paper I & Paper II)

**Prepared by:**

Examcart Experts



AGRAWAL GROUP OF PUBLICATIONS

EduCart | Agrawal Publications | AGRAWAL EXAMCART

Book Name | JPSC प्रारंभिक परीक्षा 2021 सामान्य अध्ययन (प्रैक्टिस सैट्स)

Editor Name | Rahul Agarwal

Edition | Latest

Published by | Agrawal Group Of Publications (AGP)
© All Rights reserved.
ADDRESS (Head office) | 28/115 Jyoti Block, Sanjay Place, Agra, U.P. 282002

CONTACT | quickreply@agpgroup.in
We reply super fast

BUY BOOK | www.examcart.in
Cash on delivery available

WHATSAPP (Head office) | 8937099777
PRINTED BY | Schoolcart

DESKTOP PUBLISHING | S.K. Graphics

ISBN | 978-93-90587-57-5
© COPYRIGHT | Agrawal Group Of Publications (AGP)

**Disclaimer:** This teaching material has been published pursuant to an undertaking given by the publisher that the content does not in any way whatsoever violate any existing copyright or intellectual property right. Extreme care is put into validating the veracity of the content in this book. However, if there is any error found, please do report to us on the below email and we will re-check; and if needed rectify the error immediately for the next print.

## ATTENTION

No part of this publication may be re-produced, sold or distributed in any form or medium (electronic, printed, pdf, photocopying, web or otherwise) on Amazon, Flipkart, Snapdeal without the explicit contractual agreement with the publisher. Anyone caught doing so will be punishable by Indian law.

इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा प्रकाशक के साथ स्पष्ट संविदात्मक समझौते के बिना अमेज़न, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील पर किसी भी रूप या माध्यम (इलेक्ट्रॉनिक, मुद्रित, पीडीएफ, फोटोकॉपी, वेब या अन्यथा) में फिर से उत्पादित, बेचा या वितरित नहीं किया जा सकता है। जो कोई भी ऐसा करता हुआ पकड़ा जाएगा, वह भारतीय कानून द्वारा दंडनीय होगा।

**AGP contributes Rupee One** on every book purchased by you to the **Friends of Tribals Society** Organization for better education of tribal children.

# Why Agrawal Examcart books?

कुछ ही वर्षों में Agrawal Examcart की पुस्तकें शिक्षकों और छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय हो गयी हैं। हमारे Subject Experts पुस्तकों की विषय सामग्री पर विशेष ध्यान देते हैं। परीक्षा के पठ्यक्रमानुसार पाठ्यपुस्तकों और गाइडबुक्स के माध्यम से हम आपको syllabus-wise सटीक और सरल भाषा में Study Material प्रदान करते रहे हैं जिससे आपको कम समय में परीक्षा की तैयारी में मदद मिले। किसी भी परीक्षा सम्बन्धी practice set को तैयार करते समय, हमारा उद्देश्य यही रहता है कि आप अपनी परीक्षा की तैयारी का स्वयं मूल्यांकन 90% से अधिक सटीकता से कर सकें। यही कारण है कि प्रत्येक Practice set पिछले परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयार किया जाता है और इसमें बहुत अच्छे प्रश्नों का संग्रह होता है।

**हम आपके सपनों को साकार करने में आपकी सहायता करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की आशा करते हैं!**

## कुछ महत्वपूर्ण जानकारी

### 1. Agrawal Examcart Catalog

**https://bit.ly/exm8462**

Agrawal Examcart की आगामी परीक्षाओं के महत्वपूर्ण पुस्तकों की पूरी सूची देखने के लिए आप उपरोक्त लिंक का उपयोग करें। इस online पुस्तक सूची के माध्यम से आप हर पुस्तक के कुछ अध्यायों को पढ़ भी सकते हैं।

### 2. Whatsapp Helpline Service (8937099777)

Agrawal Examcart ने आपको परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए एक Whatsapp Helpline Service शुरू की है। ऊपर दिए whatsapp helpline नंबर के माध्यम से आप हमारे Experts से आगामी परीक्षाओं की जानकरी, किसी भी परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा सम्बंधित पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री, किसी भी प्रश्न में संदेह और किसी परीक्षा को pass करने की tips और Tricks जानने के लिए बात करें।

### 3. Book Feedback

**https://bit.ly/examcartform**

आपकी प्रतिक्रिया / सुझाव हमारी पुस्तकों को बेहतर बनाने में हमारी बहुत मदद करते हैं। इस पुस्तक से सम्बंधित अपनी प्रतिक्रिया / सुझाव साझा करने के लिए उपरोक्त link का उपयोग करें।

### 4. Book Errors

**https://bit.ly/errorsbatao**

हम अपनी किताबों में त्रुटियों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। आपका थोड़ा सा प्रयास अन्य छात्रों को त्रुटि मुक्त किताबें पढ़ने में मदद कर सकता है। इस पुस्तक में त्रुटियों को साझा करने के लिए उपरोक्त लिंक का उपयोग करें।

### 5. Agrawal Examcart Android App

अब आप Agrawal Examcart की सभी पुस्तकों को Online पढ़ सकते हैं और हमारे App पर आगामी परीक्षाओं की Online Quiz को attempt भी कर सकते हैं। App से सम्बंधित सभी जानकारी अगले पृष्ठ पर उपलब्ध है।

AGRAWAL GROUP OF PUBLICATIONS
EduCart | Agrawal Publications | AGRAWAL EXAMCART

AGRAWAL EXAMCART

# is now ONLINE !

## खुशखबरी !!!

अब आप **Agrawal Examcart** की सभी पुस्तकों को **Online** पढ़ सकते हैं और
हमारे **App** पर आगामी परीक्षाओं की **Online Quiz** को **attempt** भी कर सकते हैं।

## हमारे App की विशेषताएं!!!

1. हमारी app को चलाना बेहद आसान है।
2. App आपको e-books पढ़ने का बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है।
3. App पर Online Quiz देते समय आपको वास्तविक online परीक्षा जैसा अनुभव प्राप्त होगा।
4. App के प्रत्येक online course में परीक्षा का पाठ्यक्रम, course की विशेषताएँ और हमारी Whatsapp Helpline Support Team से संपर्क करने की जानकारी उपलब्ध है।
5. हर Online Course को खरीदने से पहले आप कुछ विषय सामग्री को Free में देख सकते हैं।
6. Agrawal Examcart के experts ने प्रत्येक online course की विषय सामग्री को सम्बंधित आगामी परीक्षा के पाठ्यक्रमानुसार और विगत वर्षो के पेपर पैटर्न के अनुसार तैयार किया है।

## Guarantee !

"एकमात्र app जिसमें आपको परीक्षाओं से सम्बंधित सभी contents नए पाठ्यक्रमनुसार और परीक्षा पैटर्न अनुसार up-to-date मिलेंगे।"

ANDROID APP ON
Google Play

Agrawal Examcart
is available on
**Sikhaoo app**

**Download the Android App.**

**Step 1:** Google Playstore से Sikhaoo app को डाउनलोड करें।
**Step 2:** App को open करने पर आपसे institute का नाम पूछा जायेगा। वहाँ **Examcart** लिखें।
**Step 3:** हमारे Course को use करने के लिए **Sign in** करें।

हमारे **app** के **features** एवं उसकी कार्य प्रणाली को समझने के लिए **15 seconds का Tutorial** देखें।
**http://bit.ly/sikhaoo**

## Laptop, Dekstop या iphone Users के लिए

**Step 1:** Mobile या Laptop Browser पर www.examcart.enggheads.com टाइप करें।
**Step 2:** हमारे Course को use करने के लिए **Sign in** करें।

# झारखण्ड लोक सेवा आयोग पिछले वर्षों के हल प्रश्न–पत्र का विश्लेषण चार्ट

## सामान्य ज्ञान

| क्र. सं. | अध्याय का नाम | 2016 | 2013 | 2010 | 2008 | 2006 | 2003 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत का इतिहास | 16 | 18 | 7 | 10 | 13 | 13 |
| 2. | भारत का भूगोल | 11 | 27 | 20 | 22 | 25 | 14 |
| 3. | भारतीय नीति और शासन | 13 | 15 | 12 | 9 | 6 | 12 |
| 4. | आर्थिक और सुगम विकास | 7 | 13 | 7 | 5 | 6 | 6 |
| 5. | विज्ञान और तकनीकी | 15 | 1 | 23 | 29 | 34 | 14 |
| 6. | राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय समसामयिकी | 21 | 5 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 7. | विविध | 6 | 1 | 9 | 2 | 1 | 1 |
|  | **Total** | 89 | 80 | 82 | 85 | 91 | 69 |

## झारखण्ड सामान्य ज्ञान

| क्र. सं. | अध्याय का नाम | 2016 | 2013 | 2010 | 2008 | 2006 | 2003 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड का इतिहास | 1 | - | - | - | - | - |
| 2. | झारखण्ड का आन्दोलन | 4 | - | - | - | - | 5 |
| 3. | झारखण्ड की विशिष्ट पहचान |  | 4 | 4 | 1 | - | 4 |
| 4. | झारखण्ड का लोक, साहित्य, नृत्य, संगीत, वाद्य, दर्शनीय स्थल एवं आदिवासी संस्कृति | 1 | 4 | - | - | - | 2 |
| 5. | झारखण्डी साहित्य और साहित्यकार | - | - | - | - | - | - |
| 6. | झारखण्ड के प्रमुख शिक्षण संस्थान | - | - | - | - | - | - |
| 7. | झारखण्ड के खेल–कूद | - | - | - | - | - | - |
| 8. | झारखण्ड के भूमि सम्बन्धी कानून/अधिनियम | 1 | 5 | 1 | - | - | 2 |
| 9. | 1947 से राज्य में आर्थिक विकास का इतिहास झारखण्ड का भूगोल | 1 | 2 | 2 | 2 | - | 1 |
| 10. | झारखण्ड की औद्योगिक नीति | - | - | 1 | - | - | 1 |
| 11. | झारखण्ड के प्रमुख उद्योग का नाम तथा विकास | 1 | 2 | 1 | - | - | - |
| 12. | झारखण्ड की प्रमुख योजनाएँ एवं उपयोजनाएँ | - | - | - | - | - | - |
| 13. | झारखण्ड में जंगल प्रबंधन एवं वन्य जीव-जंतु संरक्षण कार्य | - | - | - | - | - | - |
| 14. | झारखण्ड के पर्यावरण सम्बन्धी तथ्य | 1 | 1 | - | 1 | - | 1 |
| 15. | झारखण्ड में आपदा प्रबंधन | - | - | - | - | - | - |
| 16. | झारखण्ड से संबंधित विविध तथ्य एवं समसामयिक घटनाएँ | 1 | 2 | 1 | 1 | - | 1 |
|  | **Total** | 11 | 20 | 10 | 5 | - | 17 |

## तर्कशक्ति

| क्र. सं. | अध्याय का नाम | 2016 | 2013 | 2010 | 2008 | 2006 | 2003 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रक्त सम्बन्ध | - | - | 1 | - | - | 1 |
| 2. | कोडिंग–डिकोडिंग | - | - | 2 | - | - | - |
| 3. | कैलेंडर | - | - | 1 | - | - | 1 |
| 4. | घड़ी | - | - | 2 | - | - | - |
| 5. | गणितीय तर्कशक्ति | - | - | 1 | - | - | - |
| 6. | अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण | - | - | - | 1 | - | - |
| 7. | शृंखला परीक्षण | - | - | - | 1 | - | 4 |
| 8. | वेन आरेख | - | - | - | 1 | 1 | - |
| 9. | सादृश्यता परीक्षण | - | - | - | - | 1 | - |
| 10. | दिशा परीक्षण | - | - | - | - | 1 | - |
| 11. | क्रम व्यवस्था परीक्षण | - | - | - | - | 1 | 1 |
| 12. | वर्गीकरण | - | - | - | - | - | 2 |
| 13. | लुप्त पदों को भरना | - | - | - | - | - | 1 |
| | **गणित** | | | | | | |
| 1. | सरलीकरण | - | - | 1 | - | - | - |
| 2. | कार्य और समय | - | - | - | 1 | - | 1 |
| 3. | संख्या पद्धति | - | - | - | 1 | - | 2 |
| 4. | ज्यामितीय | - | - | - | 2 | 1 | - |
| 5. | क्षेत्रफल और आयतन | - | - | - | 1 | 1 | - |
| 6. | प्रायिकता | - | - | - | 1 | - | - |
| 7. | प्रतिशतता | - | - | - | 1 | 1 | - |
| 8. | घातांक एवं करणी | - | - | - | - | 1 | - |
| 9. | क्रमचय–संचय | - | - | - | - | 1 | - |
| 10. | चाल, समय और दूरी | - | - | - | - | - | 1 |
| | **Total** | - | - | 8 | 10 | 9 | 14 |

# झारखण्ड लोक सेवा आयोग पाठ्यक्रम

## सामान्य अध्ययन–पेपर-1

**1. भारत का इतिहास**

(क) प्राचीन भारत

(ख) मध्यकालीन भारत

(ग) आधुनिक भारत

**2. भारत का भूगोल**

(क) सामान्य भूगोल

(ख) भौतिक भूगोल

(ग) आर्थिक भूगोल

(घ) सामाजिक और जनसांख्यिकीय भूगोल

**3. भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था**

(क) भारत का संविधान

(ख) लोक प्रशासन एवं सुशासन

(ग) विकेन्द्रीकरण : पंचायत एवं नगर पालिका

**4. आर्थिक एवं सतत् विकास**

(क) भारतीय अर्थव्यवस्था के मूल लक्षण

(ख) सतत् विकास एवं आर्थिक मुद्दे

(ग) आर्थिक सुधार एवं वैश्वीकरण

**5. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी**

(क) सामान्य विज्ञान

(ख) कृषि एवं तकनीकी विकास

(ग) सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

**6. झारखण्ड सम्बन्धी प्रश्न**

**7. इतिहास, समाज, सभ्यता व संस्कृति की सामान्य जागरूकता**

**8. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी**

**9. विविध प्रकृति के सामान्य प्रश्न जिनके लिये कोई विषय विशिष्टता आवश्यकता नहीं है जैसे कि :**

(क) मानवाधिकार

(ख) पर्यावरणीय संरक्षण, जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तन

(ग) नगरीकरण

(घ) खेल

(ङ) आपदा प्रबंधन

(च) निर्धनता एवं बेरोजगारी

(छ) पुरस्कार

(ज) संयुक्त राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएँ

**1. झारखण्ड का इतिहास—**

(क) मुण्डा शासन व्यवस्था

(ख) नागवंशी शासन व्यवस्था

(ग) पहड़ा पंचायत शासन व्यवस्था

(घ) मांझी परगना शासन व्यवस्था

(ङ) मुण्डा मानकी शासन व्यवस्था

(च) ढोकलो सोहरो शासन व्यवस्था

(छ) जातीय पंचायत शासन व्यवस्था

**2. झारखण्ड आन्दोलन—**

(क) झारखण्ड के सदान

(ख) झारखण्ड के आदिवासी

(ग) झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानी

(घ) झारखण्ड के विभूति

(ङ) झारखण्ड आन्दोलन एवं राज्य गठन

**3. झारखण्ड की विशिष्ट पहचान—**

(क) झारखण्ड की सामाजिक स्थिति

(ख) झारखण्ड की सांस्कृतिक स्थिति

(ग) झारखण्ड की राजनीतिक स्थिति

(घ) झारखण्ड की आर्थिक स्थिति

(ङ) झारखण्ड की धार्मिक विशिष्टताएँ एवं पहचान

**4. झारखण्ड का लोक साहित्य, नृत्य, संगीत, वाद्य, दर्शनीय स्थल एवं आदिवासी संस्कृति—**

(क) लोक साहित्य

(ख) पारंपरिक कला एवं लोक नृत्य

(ग) लोक संगीत एवं वाद्य

(घ) दर्शनीय स्थल—प्राकृतिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक धार्मिक एवं आधुनिक स्थल

(ङ) आदिवासी—जाति-प्रजाति एवं विशेषताएँ

**5. झारखण्डी साहित्य और साहित्यकार**

झारखण्डी साहित्य और साहित्यकार

**6. झारखण्ड के प्रमुख शिक्षण संस्थान**

प्रमुख शिक्षण संस्थान

**7. झारखण्ड के खेल—कूद**

**8. झारखण्ड के भूमि सम्बन्धी कानून/अधिनियम–**

(क) छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (C.N.T)

(ख) संताल परगना काश्तकारी अधिनियम (S.P.T)

(ग) अन्य राज्यपरक अधिनियम

**9. 1947 से राज्य में आर्थिक विकास का इतिहास झारखण्ड का भूगोल–जंगल, नदी, पहाड़–पर्वत, खान–खनिज आदि–**

**10. झारखण्ड की औद्योगिक नीति, विस्थापन और पुनर्वास नीति एवं अन्य नीतियाँ–**

**11. झारखण्ड के प्रमुख उद्योग का नाम और स्थान तथा औद्योगिक विकास–**

**12. झारखण्ड की प्रमुख योजनाएँ एवं उपयोजनाएँ–**

**13. झारखण्ड में जगंल प्रबंधन एवं वन्य जीव जंतु संरक्षण कार्य–**

**14. झारखण्ड राज्य के पर्यावरण सम्बन्धी तथ्य, हो रहे पर्यावरण परिवर्तन एवं उसके अपशमन (Mitigation) एवं अनुकूलन (Adaptation) सम्बन्धी विषय–**

**15. झारखण्ड में आपदा प्रबंधन**

**16. झारखण्ड से सम्बन्धित विविध तथ्यों एवं समसामयिक घटनाएँ**

# विषय–सूची

**अध्याय** **पृष्ठ सं.**

## सॉल्व्ड पेपर्स


- झारखण्ड लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षा हल प्रश्न–पत्र-2016 — 1-9
- झारखण्ड लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षा हल प्रश्न–पत्र-2013 — 10-17
- झारखण्ड लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षा हल प्रश्न–पत्र-2010 — 18-25
- झारखण्ड लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षा हल प्रश्न–पत्र-2008 — 26-37
- झारखण्ड लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षा हल प्रश्न–पत्र-2006 — 38-45
- झारखण्ड लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षा हल प्रश्न–पत्र-2003 — 46-54


## प्रैक्टिस सेट्स


- प्रैक्टिस सेट–1 (पेपर–1) — 1-8
- प्रैक्टिस सेट–1 (पेपर–2) — 9-16
- प्रैक्टिस सेट–2 (पेपर–1) — 17-25
- प्रैक्टिस सेट–2 (पेपर–2) — 26-33
- प्रैक्टिस सेट–3 (पेपर–1) — 34-44
- प्रैक्टिस सेट–3 (पेपर–2) — 45-51
- प्रैक्टिस सेट–4 (पेपर–1) — 52-58
- प्रैक्टिस सेट–4 (पेपर–2) — 59-66
- प्रैक्टिस सेट–5 (पेपर–1) — 67-78
- प्रैक्टिस सेट–5 (पेपर–2) — 79-85
- प्रैक्टिस सेट–6 (पेपर–1) — 86-94
- प्रैक्टिस सेट–6 (पेपर–2) — 95-102
- प्रैक्टिस सेट–7 (पेपर–1) — 103-115
- प्रैक्टिस सेट–7 (पेपर–2) — 116-122
- प्रैक्टिस सेट–8 (पेपर–1) — 123-132
- प्रैक्टिस सेट–8 (पेपर–2) — 133-139
- प्रैक्टिस सेट–9 (पेपर–1) — 140-149
- प्रैक्टिस सेट–9 (पेपर–2) — 150-157

- प्रैक्टिस सेट–10 (पेपर–1) 158-167
- प्रैक्टिस सेट–10 (पेपर–2) 168-174
- प्रैक्टिस सेट–11 (पेपर–1) 175-183
- प्रैक्टिस सेट–11 (पेपर–2) 184-190
- प्रैक्टिस सेट–12 (पेपर–1) 191-200
- प्रैक्टिस सेट–12 (पेपर–2) 201-207
- प्रैक्टिस सेट–13 (पेपर–1) 208-216
- प्रैक्टिस सेट–13 (पेपर–2) 217-223
- प्रैक्टिस सेट–14 (पेपर–1) 224-232
- प्रैक्टिस सेट–14 (पेपर–2) 233-239
- प्रैक्टिस सेट–15 (पेपर–1) 240-248
- प्रैक्टिस सेट–15 (पेपर–2) 249-256

# झारखण्ड लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षा, 2010

## हल प्रश्न-पत्र

**1.** 'अष्टाध्यायी' किसके द्वारा लिखी गई है ?
(A) वेदव्यास (B) पाणिनि
(C) शुकदेव (D) बाल्मीकि

**2.** निम्नलिखित चार वेदों में से किस एक में जादुई, माया और वशीकरण का वर्णन है ?
(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद
(C) अथर्ववेद (D) सामवेद

**3.** 'अनेकान्तवाद' निम्नलिखित में से किसका क्रोड सिद्धान्त एवं दर्शन है ?
(A) बौद्ध मत (B) जैन मत
(C) सिख मत (D) वैष्णव मत

**4.** किस शासक को ग्राण्ड ट्रंक रोड के निर्माण का श्रेय दिया जाता है ?
(A) बाबर (B) कृष्णदेवराय
(C) जहाँगीर (D) शेरशाह सूरी

**5.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही कालानुक्रम है ?
(A) शंकराचार्य–रामानुज–चैतन्य
(B) रामानुज–शंकराचार्य–चैतन्य
(C) रामानुज–चैतन्य–शंकराचार्य
(D) शंकराचार्य–चैतन्य–रामानुज

**6.** महमूद गजनी के साथ भारत आने वाला मुस्लिम विद्वान था–
(A) इब्नबतूता (B) अलबरूनी
(C) अमीर खुसरो (D) फरिश्ता

**7.** निम्नलिखित युग्मों में से गलत युग्म को पहचानिए–
(A) चिश्ती – दिल्ली और दोआब
(B) सुहरावर्दी – सिन्ध
(C) औलिया – मध्य प्रदेश
(D) फिरदौसी – बिहार

**8.** ब्रिटिश द्वारा निम्नलिखित में रैयतवाड़ी प्रथा लागू की गई थी–
(A) बंगाल प्रेसीडेन्सी
(B) मद्रास प्रोसीडेन्सी
(C) बम्बई प्रेसीडेन्सी
(D) बम्बई एवं मद्रास प्रेसीडेन्सी

**9.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कलकत्ता में हुआ।
2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन दादाभाई नौराजी की अध्यक्षता में हुआ।
3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग, दोनों ने लखनऊ में 1916 ई. में अधिवेशन किए तथा लखनऊ समझौता सम्पन्न किया।

उपरोक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?
(A) 1 और 2 (B) केवल 2
(C) 2 और 3 (D) केवल 3

**10.** मॉण्टेग्यू–चेम्सफोर्ड की रिपोर्ट–
(A) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909 का आधार बनी
(B) भारतीय सरकार अधिनियम, 1919 का आधार बनी
(C) भारतीय सरकार अधिनियम, 1935 का आधार बनी
(D) भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम, 1947 का आधार बनी

**11.** संथाल विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?
(A) जयपाल सिंह (B) मास्टर तारा सिंह
(C) शिबू सोरेन (D) सिद्धू एवं कान्हू

**12.** निम्नलिखित स्थानों में से कहाँ महात्मा गाँधी ने भारत में सर्वप्रथम सत्याग्रह प्रारम्भ किया ?
(A) अहमदाबाद (B) बारदोली
(C) चम्पारण (D) खेड़ा

**13.** संविधान को 26 जनवरी के दिन लागू करने का निर्णय इसलिए किया गया, क्योंकि
(A) यह एक शुभ दिन था
(B) इस तिथि को 1942 ई. में भारत छोड़ो आन्दोलन प्रारम्भ किया गया था
(C) कांग्रेस ने इस तिथि को 1930 ई. में स्वतन्त्रता दिवस के रूप में मनाया था
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**14.** इण्डियन स्टैण्डर्ड टाइम (आई.एस.टी.) और ग्रीनविच मीन टाइम (जी.एम.टी.) में कितने समय का अन्तर होता है ?
(A) 5 घण्टे 10 मिनट
(B) 5 घण्टे 20 मिनट
(C) 5 घण्टे 30 मिनट
(D) 5 घण्टे 40 मिनट

**15.** इनमें से किस राज्य में सबसे अधिक अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या है ?
(A) अरुणाचल प्रदेश
(B) सिक्किम
(C) मध्य प्रदेश
(D) झारखण्ड

**16.** इनमें से किस शहर को 'दक्षिण भारत का मैनचेस्टर' कहा जाता है ?
(A) कोयम्बटूर (B) चेन्नई
(C) बंगलुरू (D) मदुरई

**17.** भारत के किस राज्य में विश्व का सबसे बड़ा 'थोरियम' का भण्डार है ?
(A) केरल (B) कर्नाटक
(C) आन्ध्र प्रदेश (D) असम

**18.** कौन–सा वार्षिक मेला ऊँट के व्यापार के लिए प्रसिद्ध है ?
(A) पुष्कर मेला (B) कुम्भ मेला
(C) सोनपुर मेला (D) सूरजकुण्ड मेला

**19.** ग्रेट हिमालय की ऊँचाई क्या है ?
(A) 8848 मी. ए.एस.एल.
(B) 8815 मी. ए.एस.एल.
(C) 8809 मी. ए.एस.एल.
(D) 8800 मी. ए.एस.एल.

**20.** निम्नलिखित केन्द्रशासित प्रदेशों में से ओंग जनजाति के लोग किस में रहते हैं ?
(A) अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह
(B) दादर एवं नागर हवेली
(C) दमन और दीव
(D) लक्षद्वीप

**21.** सूची–I (खनिज) को सूची–II (स्थान) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| सूची I (खनिज) | सूची II (स्थान) |
|---|---|
| a. कोयला | 1. गिरिडीह |
| b. ताँबा | 2. जयमकोण्डम |
| c. मैगनीज | 3. अलवर |
| d. भूरा कोयला (लिग्नाइट) | 4. धारवाड़ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**22.** निम्नलिखित राष्ट्रमार्गों में से किसकी सबसे अधिक लम्बाई है ?
(A) आगरा–मुम्बई
(B) चेन्नई–थाणे
(C) कोलकाता–हजीरा
(D) पुणे–मछलीपत्तनम

**23.** भारत का एक राज्य, जिससे होकर कर्क रेखा गुजरती है, है–
(A) जम्मू तथा कश्मीर
(B) हिमाचल प्रदेश
(C) बिहार
(D) झारखण्ड

**24.** महाराष्ट्र के काली मिट्टी के क्षेत्र में कपास को गन्ने की फसल से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण है–
(A) इस क्षेत्र में कपास की उत्पादकता का घटना
(B) क्षेत्र की जलवायु में सामान्य परिवर्तन
(C) सिंचाई सुविधाओं के प्रसार के कारण यह क्षेत्र गन्ने की कृषि के अनुकूल बन गया है तथा गन्ने की फसल अधिक लाभप्रद है
(D) देश में चीनी की बढ़ती माँग और ऊँची कीमत

**25.** पृथ्वी के गर्भ में दूसरी सबसे ज्यादा पायी जाने वाली धातु कौन–सी है ?
(A) लौह (B) एल्युमीनियम
(C) ताँबा (D) जस्ता

**26.** इनमें से कौन–सी खरीफ फसल नहीं है ?
(A) कपास (B) मूँगफली
(C) मकई (D) गेहूँ

**27.** इनमें से किस दक्षिण एशियाई देश में सबसे अधिक जनसंख्या का घनत्व है ?
(A) नेपाल (B) पाकिस्तान
(C) भारत (D) श्रीलंका

**28.** 'कार्बन क्रेडिट' का दृष्टिकोण इनमें से किससे शुरू हुआ ?
(A) क्योटो प्रोटोकॉल
(B) अर्थ शिखर सम्मेलन
(C) मॉण्ट्रियल प्रोटोकॉल
(D) G-8 शिखर सम्मेलन

**29.** विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध–उत्पादक है–
(A) ब्राजील (B) अमेरिका
(C) भारत (D) जापान

**30.** निम्नलिखित में से कौन धातु–खनिज नहीं है?
(A) हेमेटाइट (B) बॉक्साइट
(C) जिप्सम (D) लिमोनाइट

**31.** एशिया की विशाल नदी मेकाँग निम्नलिखित देशों में किसमें नहीं बहती ?
(A) चीन (B) मलेशिया
(C) कम्बोडिया (D) लाओस

**32.** रूपान्तरित चट्टानों की उत्पत्ति ........ चट्टानों से होती है।
(A) आग्नेय
(B) तलछटी
(C) आग्नेय तथा परतदार दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

**33.** किस प्रजाति के सदस्यों की संख्या सर्वाधिक है ?
(A) नीग्रोयड (B) मंगोलॉयड
(C) ऑस्ट्रेलॉयड (D) काकेशियाई

**34.** इनमें से कौन–सा जैव–विविधता के लिए बड़ा खतरा है ?
(A) भंगुर पारितन्त्र जैसे मैन्ग्रोव और नम भूमि
(B) हिमालय में अगम्य आवास (हैबीटैट)
(C) प्राकृतिक आवासों और वनस्पति का विनाश तथा झूम खेती
(D) आरक्षित जीव–मण्डल बनाना

**35.** समताप–मण्डल को जेट विमानों की उड़ान के लिए आदर्श माना जाता है, क्योंकि–
(A) इस परत में उपस्थित ओजोन के कारण ईंधन की खपत कम होती है।
(B) इस परत में तापमान सम रहता है जो इंजन की दक्षता के लिए अनुकूल परिस्थिति है।
(C) यह परत विमान–भेदी शस्त्रों की मारक सीमा से बाहर है।
(D) इस परत में बादल तथा अन्य मौसमी घटनाएँ नहीं होती।

**36.** प्रधानमन्त्री को–
(A) लोकसभा के द्वारा चुना जाता है।
(B) संसद के द्वारा चुना जाता है।
(C) राष्ट्रपति के द्वारा नियुक्ति किया जाता है।
(D) लोकसभा में बहुमत प्राप्त पार्टी के द्वारा नामित किया जाता है।

**37.** राज्य की नीति–निदेशक सिद्धान्त किस देश के संविधान से लिए गए हैं ?
(A) आयरलैण्ड (B) कनाडा
(C) ब्रिटेन (D) सं. रा. अमेरिका

**38.** भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त निम्न में से कौन–सा अधिकार गैर–नागरिकों को भी उपलब्ध है ?
(A) अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता
(B) देश के किसी भाग में घूमने एवं बसने का अधिकार
(C) सम्पत्ति अर्जित करने का अधिकार
(D) संवैधानिक निराकरण का अधिकार

**39.** किसी दल को राष्ट्रीय दल के रूप में स्वीकृति तब मिलती है, जब वह–
(A) कुल मतदान का 5% प्राप्त करता है
(B) सभी चुनाव–क्षेत्रों में चुनाव लड़ता है
(C) चार से अधिक राज्यों में सत्ता प्राप्त करता है
(D) चार राज्यों में हुए मतदान का 5% प्राप्त करता है

**40.** भारत के संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसके अनुसार प्रत्येक राज्य की कार्यपालिका शक्ति का इस प्रकार प्रयोग किया जाएगा ?
(A) अनुच्छेद–257 (B) अनुच्छेद–258
(C) अनुच्छेद–355 (D) अनुच्छेद–356

**41.** लोक लेखा समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है–
(A) लोकसभा के स्पीकर को
(B) नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक को
(C) भारत के राष्ट्रपति को
(D) संसदीय मामलों के मंत्री को

**42.** पंचायत समिति के सदस्य–
(A) जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं
(B) पंचायत के सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं
(C) जिलाधिकारी द्वारा मनोनीत किए जाते हैं
(D) खुली प्रतियोगिता के आधार पर भर्ती किए जाते हैं

**43.** निम्नलिखित में कौन–सा कर, भारत सरकार द्वारा नहीं लिया जाता है ?
(A) सेवा कर
(B) शिक्षा कर
(C) सीमा कर
(D) मार्ग कर

**44.** भारत में किस तरह की अर्थव्यवस्था है ?
(A) समाजवादी (B) मिश्रित
(C) गाँधीवादी (D) स्वतन्त्र

**45.** भारत में मुद्रास्फीति दर की माप किस आधार पर होती है ?
(A) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(B) थोक मूल्य सूचकांक
(C) श्रमिकों का जीवन–निर्वाह लागत सूचकांक
(D) उपरोक्त सभी

**46.** भारत में सबसे पहले किस राज्य में मूल्यवर्द्धित कर लागू हुआ ?
(A) झारखण्ड (B) दिल्ली
(C) हरियाणा (D) गोवा

**47.** एक शुष्क सेल में निम्नलिखित में से किनका इलेक्ट्रोलाइट्स की तरह इस्तेमाल होता है ?
(A) अमोनियम क्लोराइड एवं जिंक क्लोराइड
(B) अमोनियम क्लोराइड एवं कैल्शियस क्लोराइड
(C) मैग्नीशियम क्लोराइड एवं जिंक क्लोराइड
(D) सोडियम क्लोराइड एवं जिंक क्लोराइड

**48.** किसी पिण्ड का अधिकतम भार–
(A) वायु में होगा
(B) जल में होगा
(C) हाइड्रोजन में होगा
(D) निर्वात में होगा

**49.** डॉक्टरों द्वारा रोगी व्यक्ति के पेट की आन्तरिक परीक्षा हेतु प्रयुक्त अन्तर्दर्शी (एण्डोकोप) प्रकाश के–
(A) परावर्तन पर निर्भर है
(B) प्रकीर्णन पर निर्भर है
(C) अपवर्तन पर निर्भर है
(D) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन पर निर्भर है

**50.** 'परम शून्य ताप' क्या है ?
(A) किसी भी तापमान पैमाने का आरम्भिक बिन्दु
(B) सैद्धान्तिक रूप से न्यूनतम सम्भव तापमान
(C) वह तापमान जिस पर सभी द्रव पदार्थो के वाष्प जम जाते हैं
(D) वह तापमान जिस पर सभी पदार्थ वाष्पीय प्रावस्था में होते हैं

**51.** निम्नलिखित में से किनके बीच की औसत दूरी को खगोलीय एकक कहा जाता है ?
(A) पृथ्वी तथा सूर्य
(B) पृथ्वी तथा चन्द्रमा
(C) बृहस्पति तथा सूर्य
(D) प्लूटो तथा सूर्य

**52.** कोबाल्ट–60 आमतौर पर विकिरण चिकित्सा में प्रयुक्त होता है, क्योंकि यह उत्सर्जित करता है–
(A) अल्फा किरणें (B) बीटा किरणें
(C) गामा किरणें (D) एक्स किरणें

**53.** बर्फ जमी झील के अन्दर मछलियाँ जीवित रहती हैं, क्योंकि–
(A) मछलियाँ नियततापी जीव हैं
(B) मछलियाँ बर्फ में शीत–निष्क्रिय हो जाती हैं
(C) झील की तली पर जल नहीं जम पाता
(D) बर्फ ऊष्मा का उत्तम चालक है

**54.** सूखी बर्फ क्या है ?
(A) बिना पानी की ठोस बर्फ
(B) ठोस सल्फर डाइ–ऑक्साइड
(C) ठोस कार्बन मोनोक्साइड
(D) ठोस कार्बन डाइ–ऑक्साइड

**55.** बुलेटप्रूफ जैकेट के निर्माण में किस बहुलक पदार्थ का प्रयोग होता है ?
(A) नायलॉन 6.6 (B) रेयॉन
(C) केवलर (D) डेक्रॉन

**56.** फलों को कृत्रिम तरीके से पकाने वाली गैस है–
(A) ईथर (B) अमोनिया
(C) एसिटिलीन (D) एथिलीन

**57.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. अग्निशामकों में खाने का सोडा (बेकिंग सोडा) प्रयोग में लाया जाता है।
2. शीशे के उत्पादन में बिना बुझा चूना प्रयोग में लाया जाता है।
3. पेरिस–प्लास्टर के उत्पादन में जिप्सम प्रयोग में लाया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?
(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) केवल 1 (D) 1, 2 और 3

**58.** रसोई गैस किनका मिश्रण है ?
(A) कार्बन मोनोक्साइड और कार्बन डाइ–ऑक्साइड
(B) ब्यूटेन और एथिलीन
(C) मिथेन और एथिलीन
(D) कार्बन डाइ–ऑक्साइड और ऑक्सीजन

**59.** किस सूक्ष्मजीव के द्वारा हेपेटाइटिस B की बीमारी होती है?
(A) वायरस (B) प्रोटोजोआ
(C) बैक्टीरिया (D) इनमें से कोई नहीं

**60.** प्लाज्मा में जल का प्रतिशत होता है–
(A) 60% (B) 70%
(C) 80% (D) 90%

**61.** एक कार्यशील महिला को प्रतिदिन कितना प्रोटीन लेना चाहिए ?
(A) 30 ग्राम (B) 37 ग्राम
(C) 40 ग्राम (D) 45 ग्राम

**62.** निम्न में से कौन–सा जीव अपनी त्वचा से साँस लेता है ?
(A) मछली (B) कबूतर
(C) मेढक (D) तिलचट्टा

**63.** रक्त होता है–
(A) एक संयोजी ऊतक
(B) एक उपकलित ऊतक
(C) (A) व (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

**64.** सूची–I (रोग) को सूची–II (उन्हें उत्पन्न करने वाली कमियाँ) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| **सूची I (रोग)** | **सूची II (उन्हें उत्पन्न करने वाली कमियाँ)** |
|---|---|
| a. सूखा | 1. विटामिन D |
| b. बेरीबेरी | 2. विटामिन B |
| c. रतौंधी | 3. विटामिन A |
| d. स्कर्वी | 4. विटामिन C |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**65.** मानव–शरीर के किस अंग में लसिका–कोशिकाएँ बनती हैं ?
(A) यकृत (B) दीर्घ अस्थि
(C) अग्न्याशय (D) तिल्ली

**66.** मधुसूदनी (इन्सुलिन) अन्तःस्रावी (हार्मोन) एक–
(A) ग्लाइकोलिपिड है
(B) वसीय अम्ल है
(C) पेप्टाइड है
(D) स्टेरॉल है

**67.** टेफ्लॉन क्या है?
(A) फ्लोरोकार्बन (B) हाइड्रोकार्बन
(C) रोगाणुनाशक (D) कीटनाशक

**68.** कम्प्यूटर हेतु आवश्यक 'IC चिप' सामान्यतः
(A) सीसा निर्मित होते हैं
(B) सिलिकन निर्मित होते हैं
(C) क्रोमियम निर्मित होते हैं
(D) स्वर्ण निर्मित होते हैं

**69.** AIDS विषाणु के लिए सबसे ज्यादा आजमाई गई दवा है–

(A) जीडोवुडिन (एजीडोथाइमिडीन)

(B) माइक्रोनाजोल

(C) नोनॉक्सिनॉल–9

(D) विराजोल

**70.** कृत्रिम रेशम का निम्नलिखित नाम भी है–

(A) रेयॉन

(B) डेक्रॉन

(C) रेशा काँच (फाइबर ग्लास)

(D) नायलॉन

**71.** आनन्द, प्रेमा का पुत्र है। राजीव, प्रेमा का भाई है। नेहा की एक बेटी है, रश्मि। नेहा, राजीव की बहन है। आनन्द का रश्मि के साथ क्या रिश्ता है ?

(A) चाचा (B) जीजा

(C) मौसेरा भाई (D) कोई सम्बन्ध नहीं

**72.** यदि नीला को हरा, हरा को नारंगी, नारंगी को पीला, पीला को काला, काला को लाल और लाल को सफेद कहा जाए, तो 'हल्दी' का रंग क्या होगा ?

(A) नारंगी (B) हरा

(C) सफेद (D) काला

**73.** यदि किसी कूट भाषा में POCKET को GVPXLK लिखा जाता है, तो उसी भाषा में CHAIR को कैसे लिखा जाएगा ?

(A) KTCBH (B) IRZSX

(C) VADJQ (D) RIAHC

**74.** 15 जुलाई, 1964 का दिन बुधवार था। 15 जुलाई, 1965 का दिन ज्ञात कीजिए–

(A) बृहस्पतिवार

(B) मंगलवार

(C) शुक्रवार

(D) इनमें से कोई नहीं

**75.** एक घड़ी 12:20 का समय दर्शाती है। इस समय पर घण्टे वाली सुई, मिनट वाली सुई के साथ मिलकर कितने अंश का कोण बनाएगी?

(A) 100° (B) 110°

(C) 120° (D) 130°

**76.** एक रुपये के एक सिक्के को कागज पर रखा जाता है। इसे चारों तरफ इसी आकार के कितने सिक्कों को रखा जा सकता है जो कि आपस में एक–दूसरे को स्पर्श करने के साथ–साथ मध्य में रखे सिक्के को भी स्पर्श करें ?

(A) 4 (B) 3

(C) 7 (D) 6

**77.** (*) की जगह क्या होगा?

**5179–3285 = 6375 – (*)**

(A) 4841 (B) 4481

(C) 4581 (D) 5481

**78.** यदि एक दीवार घड़ी को पाँच बजे पाँच बार घण्टी बजाने में पांच मिनट का समय लगता है, तो उसी गति से नौ बजे नौ बार घण्टी बजाने में उसे कितना समय लगेगा ?

(A) 5 मिनट (B) 9 मिनट

(C) 10 मिनट (D) 8 मिनट

**79.** झारखण्ड में वर्षा किस मानसून से होती है ?

(A) उत्तर–पूर्वी मानसून

(B) दक्षिण–पश्चिमी मानसून

(C) नॉर्वेस्टर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**80.** झारखण्ड में कितने जिले हैं ?

(A) 18 (B) 20

(C) 22 (D) 24

**81.** 'झारखण्ड का शिमला' किसे कहा जाता है?

(A) हजारीबाग (B) नेतरहाट

(C) बोकारो (D) राँची

**82.** झारखण्ड राज्य के लोगो (logo) में कितने 'J' का उपयोग किया गया है ?

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

**83.** झारखण्ड क्षेत्र स्वायत्त परिषद् का गठन कब हुआ ?

(A) 8 अगस्त, 1993

(B) 8 अगस्त, 1994

(C) 8 अगस्त, 1995

(D) 8 अगस्त, 1996

**84.** झारखण्ड किस गोलार्द्ध में स्थित है ?

(A) पूरब (B) पश्चिम

(C) उत्तर (D) दक्षिण

**85.** 2011 की जनगणना में जाति को सम्मिलित करने की सहमति देने वाले मन्त्रियों के समूह के प्रमुख कौन थे ?

(A) शरद पवार (B) पी.सी. चिदम्बरम्

(C) एस.एम. कृष्णा (D) प्रणब मुखर्जी

**86.** राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने हाल ही में अपने दक्षिण–पूर्व एशियन राष्ट्रों के दौरे के दौरान लाओस को कितना कर्ज दिया ?

(A) 52 मिलियन डॉलर

(B) 62 मिलियन डॉलर

(C) 72 मिलियन डॉलर

(D) 82 मिलियन डॉलर

**87.** 2016 के ओलम्पिक खेल कहाँ होंगे ?

(A) लन्दन (B) अमेरिका

(C) हॉलैण्ड (D) ब्राजील

**88.** फॉकलैण्ड द्वीप के नजदीक तेल–निष्कासन को लेकर किन दो देशों के बीच कूटनीतिक युद्ध प्रारम्भ हो गया है ?

(A) वेनेजुएला एवं कोलम्बिया

(B) पेरू एवं ब्राजील

(C) अर्जेन्टीना एवं पराग्वे

(D) इंग्लैण्ड एवं अर्जेंटीना

**89.** 'झारखण्ड पार्टी' के संस्थापक थे–

(A) जयपाल सिंह

(B) शिबू सोरेन

(C) करिया मुण्डा

(D) बाबूलाल मरांडी

**90.** देश में कुल कोयला–उत्पादन में झारखण्ड की भागीदारी है–

(A) 40% (B) 45%

(C) 47% (D) 49%

**91.** फिलाटेलिस्ट क्या करता है ?

(A) सिक्के जमा करता है

(B) डाक टिकट जमा करता है

(C) पक्षियों की तस्वीरें जमा करता है

(D) पंख जमा करता है

**92.** किस वर्ष में प्रथम ओलम्पिक खेलों का आयोजन हुआ था?

(A) 766 ई.पू. (B) 676 ई.पू.

(C) 776 ई.पू. (D) 667 ई.पू.

**93.** केथारसिस (Catharsis) किसे कहते हैं ?

(A) न्यूजीलैण्ड की एक चिड़िया

(B) एक जंगली अभिव्यक्ति

(C) भावनात्मक अभिव्यक्ति

(D) ग्रीक नाटक का एक मात्र

**94.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. वनश्री राव | 1. थियेटर निर्देशन |
| b. नीलम मानसिंह | 2. समाज सेवा |
| c. मन्दाकिनी | 3. नृत्य |
| d. रोमिला थापर | 4. इतिहास लेखन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**95.** 'क्राई, द. पीकॉक' नामक पुस्तक किसने लिखी है ?

(A) खुशवंत सिंह

(B) मोराराजी देसाई

(C) अनिता देसाई

(D) अरुण गाँधी

**96.** 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' प्राप्त करने वाली पहली महिला कौन थी ?
(A) महादेवी वर्मा (B) अमृता प्रीतम
(C) महाश्वेता देवी (D) आशापूर्णा देवी

**97.** एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी ?
(A) पी. टी. ऊषा
(B) सुनीता रानी
(C) साइनी अब्राहम
(D) कमलजीत सन्धू

**98.** सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है–
(A) चीनी (B) अंग्रेजी
(C) बंगाली (D) स्पेनिश

**99.** सम्पूर्ण राष्ट्रगान का वादन (गायन) काल है–
(A) 50 सेकण्ड (B) 45 सेकण्ड
(C) 52 सेकण्ड (D) 55 सेकण्ड

**100.** भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण निम्नलिखित विभागों/मन्त्रालयों में से किसका संलग्न कार्यालय है ?
(A) संस्कृति
(B) पर्यटन
(C) विज्ञान और प्रौद्योगिकी
(D) मानव संसाधन विकास

## व्याख्यात्मक हल

**1**.(B) वेदव्यास ने 'महाभारत' की रचना की है और शुकदेव (मध्यकालीन) ने वाणिज्य नीतिशास्त्र की रचना की है, जबकि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की है। 'अष्टाध्यायी' एक व्याकरण ग्रंथ है, जिसकी रचना पाणिनि ने की और आगे चलकर पतंजलि ने इस पर **'महाभाष्य'** नामक समीक्षा लिखी। अतः विकल्प (B) सही है।

**2**.(C) ऋग्वेद पुरुष सूक्त के लिए प्रसिद्ध है, जबकि यजुर्वेद में यज्ञ का विधि-विधान है, सामवेद का विषय संगीत है। जादुई, माया, गायत्री मंत्र आदि का उल्लेख अथर्ववेद में है।

**3**.(B) अनेकान्तवाद को **सप्तभंगि ज्ञान** या स्याद्वाद भी कहते हैं। इसके अनुसार प्रत्येक ज्ञान के सात रूप हैं–(i) है, (ii) नहीं है, (iii) है और नहीं है, (iv) कहा नहीं जा सकता, (v) है, किन्तु कहा नहीं जा सकता, (vi) नहीं है और कहा जा सकता है, (vii) नहीं है और कहा नहीं जा सकता। यह जैन धर्म के मूल सिद्धांत हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

**4**.(D) ग्राण्ड ट्रंक रोड का निर्माता शेरशाह सूरी है। यह बंगाल के सोनार गाँव से लेकर आगरा, दिल्ली एवं लाहौर होते हुए सिन्ध के पेशावर तक जाती है।

**5**.(A) शंकराचार्य भक्ति आंदोलन तथा अद्वैतवाद के प्रतिपादक हैं। इनका उदय आठवीं सदी में हुआ। इसके बाद दक्षिण भारत में रामानुज ने भक्ति आंदोलन की एक शाखा के रूप में विशिष्ट अद्वैतवाद का प्रचलन किया, जबकि चैतन्य बंगाल के चौदहवीं सदी के संत थे जिन्होंने गोसाई संघ बनाया।

**6**.(B) अलबरूनी महमूद गजनी के साथ भारत आने वाला मुस्लिम विद्वान था। अलबरूनी की प्रसिद्ध रचना 'तारीख अल हिंद' है। यह महान कला प्रेमी, इतिहास लेखक तथा धर्मदर्शक था।

**7**.(C) सही सुमेलन इस प्रकार है–
चिश्ती – दिल्ली और दोआब
सुहरावर्दी – सिन्ध
औलिया – दिल्ली
फिरदौसी – बिहार
ध्यान रखने की बात यह है कि औलिया कोई अलग सिलसिला नहीं था। यह चिश्ती सिलसिला का ही भाग था।

**8**.(D) रैयतवाड़ी प्रथा मद्रास के बारामहल जिले में 1792 में मुनरो ने लागू की थी, जबकि 1822 ने एल्फिन्सटन में बंबई में रैयतवाड़ी प्रथा लागू की। रैयतवाड़ी व्यवस्था में प्रत्येक पंजीकृत भूमिदार को भूमि का स्वामी माना गया और लगान एकत्र करने का दायित्व भी किसानों को दिया गया। इस व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक धारक को भूस्वामी स्वीकार कर उसके साथ लगान देने की शर्तें निर्धारित की गईं।

**9**.(C) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन बम्बई में 1885 में हुआ था।
इसका प्रारम्भिक नाम 'भारतीय राष्ट्रीय संघ' था लेकिन दादाभाई नौरोजी के सुझाव पर इसका नाम 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' कर दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक स्कॉटलैण्ड के निवासी एवं इंडियन सिविल सर्विसेज में कार्यरत एलन ओक्टेवियन ह्यूम थे। वे कांग्रेस के प्रथम सचिव भी थे जो 1906 तक इस पद पर बने रहे।

**10**.(B) मॉण्टेग्यू–चेम्सफोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर भारत सरकार अधिनियम, 1919 पारित हुआ। इस समय मॉण्टेग्यू भारत के सचिव थे, जबकि चेम्सफोर्ड वायसराय थे।

**11**.(D) संथाल विद्रोह, संथाल परगना के भागलपुर के राजमहल जिले के बीच दामन–ए–कोह में हुआ। इसका नेतृत्व सिद्धू एवं कान्हू ने किया था। इसे हूल विद्रोह भी कहते हैं।

**12**.(C) गाँधी जी ने भारत में पहला सत्याग्रह 1917 में बिहार के चम्पारण में किया। इसका कारण था किसानों को तीन कठिया प्रणाली के लिए बाध्य करना। गाँधी को बिहार आने का निमंत्रण राजकुमार शुक्ल ने दिया।

**13**.(C) भारतीय संविधान को 26 जनवरी के दिन ही लागू करने का निर्णय इसलिए लिया गया, क्योंकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इसी तिथि को 1930 ई. में प्रथम स्वतन्त्रता दिवस के रूप में मनाया था। संविधान निर्माण की प्रक्रिया में कुल 2 वर्ष 11 महीना और 18 दिन लगे। संविधान के प्रारूप पर कुल 114 दिन बहस हुई। संविधान निर्माण कार्य में कुल मिलाकर ₹ 63,96,729 व्यय हुए। संविधान को जब 26 नवम्बर, 1949 ई. को संविधान सभा द्वारा पारित किया गया, तब इसमें कुल 22 भाग 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियाँ थीं।

**14**.(C) इण्डियन स्टैण्डर्ड टाइम (IST) और ग्रीनविचन मीन टाइम (GMT) में 5 घण्टे 30 मिनट का अन्तर होता है। चूँकि, एक देशान्तर पर 4 मिनट का अन्तर होता है। भारत में स्टैण्डर्ड टाइम के लिए इलाहाबाद के पास अवस्थित नैनी के देशान्तर को माना गया है। इस प्रकार इण्डियन स्टैण्डर्ड टाइम और ग्रीनविच मीन टाइम में समय का अन्तर 5 घण्टे 30 मिनट का होगा।

**15**.(C) भारत में अनुसूचित जनजातियों की सबसे अधिक जनसंख्या मध्य प्रदेश में पाई जाती है। वर्ष 2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या 1,53,16,784 है जो राज्य की कुल जनसंख्या का 21.1% है।

**16**.(A) भारत में सूती वस्त्र की राजधानी मुम्बई है। उत्तर प्रदेश का मैनचेस्टर–**कानपुर** तथा पूरब का बोस्टन **अहमदाबाद** को कहते हैं, जबकि दक्षिण भारत का मैनचेस्टर **कोयम्बटूर** को कहते हैं।

**17**.(A) "मोनोजाइट" थोरियम, यूरेनियम, सीरियम और लैन्थनम आदि का मिश्रण है। यह केरल के तटीय क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पाया जाता है।

**18**.(A) पुष्कर मेला राजस्थान की पुष्कर झील के किनारे अक्टूबर–नवम्बर माह में लगता है। यह मेला ऊँट के व्यापार हेतु प्रसिद्ध है।

**19**.(A) ग्रेट हिमालय की ऊँचाई 8850 मी. है। ग्रेट हिमालय विश्व की सबसे प्रमुख तथा सर्वोच्च श्रेणी है। इसमें विश्व की सर्वोच्च पर्वत चोटियाँ पाई जाती हैं–जैसे माउण्ट एवरेस्ट (8848 मी.), नन्दा देवी (7817 मी.), नंगा पर्वत (8126 मी.) इत्यादि।

**20**.(A) 8.285 वर्ग किमी. क्षेत्रफल वाला अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा केन्द्रशासित प्रदेश है।

यहाँ पर ओंग, जरांवा, निकोबारी, सेंटिनलीज, व आदि जनजातियाँ निवास करती हैं।

**21.** (C) गिरीडीह कोयला के लिए, अलवर तांबा के लिए, धारवाड़ मैंगनीज के लिए तथा जयकोण्डम लिग्नाइट के लिए प्रसिद्ध हैं।

**22.** (C) विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों का आरोही क्रम इस प्रकार है–

पुणे–मछलीपत्तनम –841 किलोमीटर

आगरा–मुंबई – 1161 किलोमीटर

चेन्नई–थाने – 1235 किलोमीटर

कोलकाता–हजीरा –1949 किलोमीटर

**23.** (D) कर्क रेखा भारत के आठ राज्यों से होकर गुजरती है। ये आठ राज्य हैं–गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, प. बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम।

**24.** (C) महाराष्ट्र के काली मिट्टी के क्षेत्र में कपास को गन्ने की फसल से प्रतिस्पर्द्धा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा इस क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के प्रसार के कारण हुआ है।

**25.** (A) पृथ्वी के नाभिक में निकिल तथा लोहा मिलते हैं, जिनमें प्रधान तत्व लोहा है।

**26.** (D) कपास, मूँगफली, मकई खरीफ की फसल हैं, जिन्हें बोते समय अधिक तापमान तथा अत्यधिक वर्षा की आवश्यकता होती है।

**27.** (C) दक्षिण एशियाई देशों में जनसंख्या घनत्व का क्रम (2001) के अनुसार, इस प्रकार है–

(i) नेपाल – 72 वर्ग किमी

(ii) पाकिस्तान – 213 वर्ग किमी

(iii) श्रीलंका – 296 वर्ग किमी

(iv) भारत – 382 वर्ग किमी (2011 की जनगणना के अनुसार)

**28.** (A) कार्बन क्रेडिट की संकल्पना क्योटो प्रोटोकॉल से उद्भूत हुई है।

**29.** (C) भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। भारत दूध उत्पादन के क्षेत्र में वर्ष 2000 से ही विश्व में प्रथम स्थान पर बना हुआ है।

**30.** (C) हेमेटाइट, बॉक्साइट तथा लिमोनाइट धातुएँ खनिज के अंतर्गत आती हैं, किन्तु जिप्सम धातु के अंतर्गत नहीं आता।

**31.** (B) मेकाँग नदी का उद्गम स्थल तिब्बत में है। इसका अपवाह क्षेत्र चीन, लाओस, **कम्बोडिया** और **वियतनाम** में विस्तारित है। इस नदी की लम्बाई 4123 किलोमीटर है।

**32.** (C) ताप, दाब एवं रासायनिक क्रियाओं के कारण आग्नेय एवं अवसादी चट्टानों से कायान्तरित चट्टान का निर्माण होता है। रूपान्तरित चट्टानों का निर्माण आग्नेय और परतदार दोनों चट्टानों से होता है।

**33.** (B) विश्व में सर्वाधिक मंगोलॉयड प्रजाति मिलती है, मूल रूप से यह एशिया की प्रजाति है इसकी त्वचा का रंग पीला, सिर चौड़ा तथा कम बाल इसकी विशेषता है।

**34.** (C) प्राकृतिक आवासों एवं वनस्पतियों का विनाश तथा झूम खेती जैव–विविधता हेतु एक बड़ा खतरा है।

**35.** (D) क्योंकि समताप मण्डल में मौसमी हलचल नहीं होती तथा बादलों का अभाव रहता है। अतः जेट विमानों के लिए यह आदर्श माना जाता है।

**36.** (C) प्रधानमंत्री राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होता है और सामान्यतः इसकी नियुक्ति इस बात पर निर्भर करती है कि वह लोकसभा में बहुमत प्राप्त दल का नेता हो।

**37.** (A) नीति–निदेशक तत्व आयरलैंड से लिया गया है। यह लोक कल्याण की अवधारणा तथा गाँधीवादी आदर्शों से प्रेरित है।

**38.** (D) भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त संवैधानिक निराकरण का अधिकार भारतीय नागरिकों के साथ–साथ विदेशी नागरिकों (गैर भारतीय नागरिक) को भी उपलब्ध है।

मौलिक अधिकार

1. समता या समानता का अधिकार – अनुच्छेद–14 से 18
2. स्वतंत्रता का अधिकार – अनुच्छेद–19 से 22
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार – अनुच्छेद–23 से 24
4. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार – अनुच्छेद–25 से 28
5. संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार–अनुच्छेद–29 से 30
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार–अनुच्छेद–32

**39.** (D) राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त करने के लिए आवश्यक है–

(i) लोक सभा या विधान सभा चुनाव में चार या इससे अधिक राज्यों में डाले गए कुल वैध मत का 5 प्रतिशत उस दल को प्राप्त हो तथा कम–से–कम दो सीटों पर वह दल विजयी रहे।

(ii) लोक सभा में कुल सदस्य संख्या का दो प्रतिशत (11 सीट) कम–से–कम तीन राज्य में मिलाकर जीते।

**40.** (A) अनुच्छेद 257 के अनुसार प्रत्येक राज्य की कार्यपालिका शक्ति का इस प्रकार प्रयोग किया जाएगा जिससे संघ की कार्यपालिका शक्ति के प्रयोग में कोई अड़चन न हो या उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

**41.** (A) लोक लेखा समिति को प्राक्कलन समिति की जुड़वा बहन कहते हैं, इसमें लोकसभा से 15 और राज्य सभा से 7 सदस्य होते हैं तथा इसका अध्यक्ष विपक्षी दल का निर्वाचित सदस्य होता है। यह अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष को देता है।

**42.** (A) झारखण्ड में 'पंचायत समिति' का गठन झारखण्ड पंचायतराज अधिनियम, 2001 के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत किया जाता है। इसके सदस्य जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं।

**43.** (D) सेवा कर, शिक्षा कर तथा सीमा शुल्क भारत सरकार द्वारा वसूल किए जाने वाले कर है, जबकि मार्ग कर राज्य सरकारों द्वारा संगृहीत किए जाने वाला कर है।

**44.** (B) भारतीय अर्थव्यवस्था एक मिश्रित अर्थव्यवस्था है। मिश्रित अर्थव्यवस्था से तात्पर्य ऐसी अर्थव्यवस्था से है, जिसके अंतर्गत सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र दोनों का समावेश होता है। इसमें कुछ लक्षण राज्य अर्थव्यवस्था के मौजूद होते हैं, तो कुछ लक्षण पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के। यह दोनों का मिला–जुला रूप है।

**45.** (B) भारत में मुद्रा स्फीति की माप थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर की जाती है। थोक मूल्य निर्देशांक का संकलन उद्योग मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा साप्ताहिक स्तर पर होता है। मुद्रास्फीति वह स्थिति है जिसमें कीमत स्तर में वृद्धि होती है तथा मुद्रा का मूल्य गिरता है

**46.** (C) वैट लागू करने वाला प्रथम राज्य हरियाणा है, और दूसरा राज्य दिल्ली है। यह परोक्ष कर है। जो वस्तु या सेवा के आदान–प्रदान के अंतिम उपभोग के स्तर पर लगाया जाता है। इसका पूरा रूप मूल्य वर्धित कर (VAT) कहलाता है।

**47.** (A) एक शुष्क सेल में मुख्यतः अमोनियम क्लोराइड और जिंक क्लोराइड का प्रयोग

किया जाता है। इसमें जस्ते का एक बर्तन होता है, जिसमें मैंगनीज डाइऑक्साइड, अमोनियम क्लोराइड तथा कार्बन का मिश्रण रहता है।

**48.** (A) किसी भी वस्तु का अधिकतम भार वायु में होता है, जबकि सबसे कम ठोस में।

**49.** (D) पेट तथा शरीर के आंतरिक भागों की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला यंत्र इंडोस्कोपी है, प्रकाश के पूर्ण आन्तरिक परावर्तन पर निर्भर है।

**50.** (B) परम शून्य ताप सैद्धान्तिक रूप से न्यूनतम सम्भव ताप है। केल्विन तथा इससे कम कोई ताप संभव नहीं है।

**51.** (A) खगोलीय एकक लम्बाई मापने की इकाई है। यह इकाई सूर्य एवं पृथ्वी के बीच की औसत दूरी ($149.59 \times 10^6$ किमी. या 149.6 मिलियन किमी.) के बराबर होती है।

**52.** (C) कोबाल्ट–60 गामा किरणों का उत्सर्जन करता है। यही कारण है कि इसका उपयोग कैंसर रोग के उपचार हेतु किया जाता है।

**53.** (C) बर्फ जमी झील के अन्दर मछलियाँ जीवित रहती हैं, क्योंकि झील की तली में जल जम नहीं पाता है। झीलों का जल ऊपरी भागों में तो जम जाता है लेकिन निचले तल में तापमान $4^0C$ से नीचे गिर जाता है जिससे मछली जैसे जलीय जीव आसानी से जिन्दा रहते हैं।

**54.** (D) ठोस कार्बन डाइ–ऑक्साइड को शुष्क बर्फ या Dry ice के नाम से जाना जाता है। इसका उपयोग रेफ्रीजरेटर में होता है।

**55.** (C) बुलेटप्रुफ जैकेट के निर्माण में केवलर नामक बहुलक का प्रयोग होता है। केवलर एक कार्बनिक फाइबर है। यह पॉली पैराफेनिलीन टेरैफ्थेलैमाइड का ट्रेडमार्क नाम है।

**56.** (C) फलों को कृत्रिम विधियों से पकाने वाली गैस का नाम ऐसीटिलिन है। एथिलीन से भी फलों को पकाया जा सकता है, लेकिन ऐसीटिलीन प्राकृतिक रूप से फलों को पकाने में मुख्य भूमिका निभाती है।

**57.** (D) बेकिंग सोडा का प्रयोग अग्निशामकों एवं बेकरी उद्योग में किया जाता है। शीशे के उत्पादन में बुझा हुआ चूना प्रयोग किया जाता है। जिप्सम का प्रयोग प्लास्टर ऑफ पेरिस तथा सीमेंट उद्योग में किया जाता है।

**58.** (B) रसोई गैस मुख्य रूप से ब्यूटेन तथा प्रोपेन का मिश्रण होता है जिसे द्रवित पेट्रोलियम गैस के नाम से जाना जाता है। यह पेट्रोलियम के प्रभावी आसवन से प्राप्त होता है।

**59.** (A) हैपेटटाइटस B विषाणु द्वारा मनुष्यों में होने वाला रोग है। यह एक यकृत रोग है जिसमें रक्त में पित्त वर्णक (Bile Pigment) अधिक मात्रा में पाया जाता है।

**60.** (D) रक्त प्लाज्मा में जल लगभग 90 प्रतिशत होता है। रक्त में दो प्रकार के पदार्थ पाये जाते हैं–1. प्लाज्मा 2. रुधिराणु

प्लाज्मा रक्त का अजीवित तरल भाग होता है। रक्त का लगभग 60% भाग प्लाज्मा होता है। इसका 90% भाग जल, 7% प्रोटीन, 0.9% लवण और 0.1% ग्लूकोज होता है। शेष पदार्थ बहुत कम मात्रा में होता है।

**61.** (D) एक कार्यशील महिला के लिए प्रोटीन की उपयुक्त दैनिक मात्रा 45–46 ग्राम, वसा की मात्रा 20 ग्राम तथा कैल्सियम एवं आयरन की मात्रा क्रमशः 400 मिग्रा. एवं 30 मिग्रा. होती है।

**62.** (C) मेढक में त्वचीय श्वसन का गुण पाया जाता है, इसके अलावा केंचुआ भी अपनी त्वचा से श्वसन क्रिया कर सकता है।

**63.** (A) रक्त एक तरल संयोजी ऊतक है। रक्त वाहिनियों में प्रवाहित होने वाला यह गाढ़ा, चिपचिपा, और लाल रंग का द्रव पदार्थ है जो एक जीवित उतक है। एक स्वस्थ मनुष्य में 5 से 6 लीटर तक रक्त की मात्रा पाई जाती है।

**64.** (A) सूखा रोग विटामिन D की कमी से होता है। बेरीबेरी नामक रोग विटामिन B की कमी से होता है, रतौंधी विटामिन A की कमी से तथा स्कर्वी विटामिन C की कमी से होने वाला रोग है।

**65.** (B) मानव शरीर के दीर्घस्थ अंग में लसिका कोशिकाएं बनती हैं जिसमें स्तंभ कोशिकाओं का लसिका अंगों से गुणन, विभेदन तथा परिपक्वन होता है।

**66.** (C) मधुसूदनी एक प्रकार का अंतःस्रावी हॉर्मोन है, जोकि एक पेप्टाइड है। ये शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करता है।

**67.** (A) टेफ्लॉन एक फ्लोरोकार्बन है। एथिलीन के चारों ओर हाइड्रोजन परमाणुओं को क्लोरीन द्वारा प्रतिस्थापित करने पर टेट्राक्लोरो एथिलीन बनता है। यह एक अदहनशील पदार्थ है।

**68.** (B) कम्प्यूटर कोड हेतु आवश्यक इंटीग्रेटेड सर्किट चिप्स (IC-Chips) सिलिकॉन की बनी होती है। 1958 में जे.एस. किल्बी ने एक छोटे से 'चिप' के रूप में सम्पूर्ण इंटीग्रेटेड सर्किट बनाया और इसे ही 'आईसी चिप' का नाम दिया गया।


**69.** (A) AIDS विषाणु के लिए सबसे ज्यादा आजमाई गई दवा जीडोवुडिन है। इसके अलावा एड्स विषाणु को हटाने के लिए सुरामीन, साइक्लोस्पोरीन, रिवाबाइरीन, अल्फा इन्टपेफरॉन आदि नामक दवाओं का भी प्रयोग किया जाता है।

**70.** (B) कृत्रिम रेशा का रसायनिक नाम ड्रेकॉन है।


**71.** (C) यहाँ प्रेमा और राजीव क्रमशः बहन और भाई हैं। नेहा राजीव की बहन है। अतः प्रेमा और नेहा सगी बहनें हुईं। आनन्द प्रेमा का पुत्र है और रश्मि नेहा की बेटी है। अतः आनन्द का रश्मि के साथ मौसेरे भाई का रिश्ता होगा।

**72.** (D) चूँकि हल्दी का रंग पीला होता है तथा प्रश्नानुसार पीला को काला रंग कहा गया है। इसी कारण हल्दी का रंग काला होगा।

**73.** (B) जिस प्रकार–




उसी प्रकार–




**74.** (A) वर्ष 1965 लीप ईयर नहीं था। इस कारण 15 जुलाई, 1965 का दिन बृहस्पतिवार होगा।

**75.** (B) अंक 12 तथा मिनट की सुई के बीच बना कोण = $20 \times 6^0 = 120^0$

अंक 12 तथा घण्टे की सुई के बीच बना

कोण $= 20 \times \frac{1^o}{2} = 10^o$

अभीष्ट कोण $= 120^0 - 10^0 = 110^0$

**नोट** : मिनट की सुई 1 मिनट में $6^0$

चलती है जबकि घण्टे की सुई 1 मिनट में $\frac{1^\circ}{2}$ चलती है।

**76.** (D) एक रुपये के एक सिक्के को कागज पर रखकर इसके चारों तरफ इसी आकार के 6 सिक्कों को रखा जा सकता है, जो आपस में एक–दूसरे को स्पर्श करने के साथ–साथ मध्य में रखे सिक्के को भी स्पर्श करेंगे।

**77.** (B) $5179-3285 = 6375-x$

या, $1894 = 6375 - x$

या, $1894 + x = 6375$

या, $x = 6375-1894 = 4481$

**78.** (B) 5 बार बजाने में समय लगता है

= 5 मिनट

∴ 1 बार बजाने में समय लगता है

= 5/5 मिनट

∴ 9 बार बजाने में समय लगता है

$= 5/5 \times 9$

$= 1 \times 9$

= 9 मिनट

**79.** (B) झारखण्ड राज्य में वर्षा मुख्यतः दक्षिणी–पश्चिमी मानसून से होती है। उष्ण कटिबन्धीय अवस्थिति एवं मानसूनी हवाओं के कारण यहाँ की जलवायु मानसूनी है। कर्क रेखा झारखण्ड राज्य के मध्य से होकर गुजरती है। राज्य में वर्षा का आगमन मध्य जून (15 जून) तक हो जाता है। राज्य में वर्षा दक्षिण–पश्चिम मानसून की दोनों शाखाओं बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर से होती है।

**80.** (D) झारखण्ड राज्य के गठन के समय जिलों की संख्या 18 थी। आगे चलकर लातेहार, सिमडेगा, जामतारा, सरायकेला, रामगढ़, खूँटी को जिला बनाया गया। वर्तमान में झारखंड में जिलों की संख्या 24 है।

**81.** (D) झारखण्ड खनिज संसाधनों का भंडार है, जिस कारण यहाँ राँची को झारखण्ड का शिमला, नेतरहाट को छोटानागपुर की रानी, बोकारो को स्टील सिटी की उपमा दी गई है।

**82.** (B) झारखण्ड राज्य के लोगो (logo) में चार "J" का प्रयोग किया गया है।

**83.** (C) झारखण्ड स्वायत परिषद् 9 जून, 1995 को गठित हुआ तथा 8 अगस्त, 1995 को झारखण्ड स्वायत्त परिषद् की अंतिम कार्यकारी परिषद् बनी जिसके अध्यक्ष शिबू सोरेन तथा उपाध्यक्ष सूरज मंडल थे।

**84.** (C) झारखण्ड की उत्तरी गोलार्द्ध में भौगोलिक स्थिति 21°58′ 10′′ उत्तरी अक्षांश से 25° 19′15′′ उत्तरी अक्षांश तथा 83°19'50" पूर्वी देशान्तर से 87° 4' 40" पूर्वी देशान्तर में मध्य है।

**85.** (D) जाति आधारित जनगणना की सहमति के लिए गठित मंत्री समूह के प्रमुख तत्कालीन वित्तमंत्री एवं बाद में राष्ट्रपति बनें, प्रणब मुखर्जी थे। भारत की जाति आधारित गणना पहली बार 1931 में हुई।

**86.** (C) राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने अपने कार्यकाल के दौरान लाओस को 72 मिलियन डालर की सहायता दी।

**87.** (D) 2016 में आलम्पिक खेल ब्राजील के रियो–डी–जेनेरियो में हुए। 2021 में ओलम्पिक खेलों की मेजबानी जापान का टोक्यो शहर करेगा।

**88.** (D) फॉकलैण्ड द्वीप को लेकर विवाद इंग्लैंड और अर्जेन्टीना के बीच है। दरअसल फॉकलैण्ड अर्जेन्टीना के निकट स्थित द्वीप समूह है जिस पर इंग्लैंड का अधिकार है।

**89.** (A) 5 मार्च, 1949 ई. को रांची में जयपाल सिंह ने **झारखण्ड पार्टी** की स्थापना की। 1952 में पार्टी ने बिहार के प्रथम विधान सभा चुनाव में 32 सीटों पर जीत हासिल की एवं उसे मुख्य विपक्षी दल का दर्जा मिला। 1963 ई. में इस पार्टी का विलय कांग्रेस में हो गया।

**90.** (A) झारखण्ड भारत में कोयला उत्पादन में प्रथम राज्य है। यह राज्य देश का 40% कोयला उत्पादित करता है।

**91.** (B) डाक टिकट का संग्रह फिलाटेली कहलाता है।

**92.** (C) ओलंपिक खेलों का प्रथम आयोजन यूनान के ओलंपिया नामक नगर में 776 ई. पू. हुआ।

**93.** (C) कथारसिस भावनात्मक अभिव्यक्ति के रूप में प्रयुक्त होता है।

**94.** (B) वनश्री राव नृत्य से संबंधित हैं, जबकि नीलम मानसिंह थियेटर निर्देशन करती है, रोमिला थापर इतिहासविद् हैं तथा मंदाकिनी आमटे समाजसेविका हैं।

**95.** (C) क्राई द पिकॉक अनीता देसाई की प्रसिद्ध कृति है।

**96.** (D) ज्ञान पीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली महिला आशापूर्णा देवी थी। 1976 में उन्हें यह सम्मान प्रथम प्रतिश्रुति नामक बांग्ला पुस्तक के लिए दिया गया।

**97.** (D) एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला कमलजीत सन्धु थीं यह अवॉर्ड उन्हें 1970 में बैंकाक एशियाई खेल के दौरान चार सौ मीटर रिले दौड़ में मिला था।

**98.** (A) विश्व की प्रमुख भाषाएँ और उनको बोलने वालों की संख्या इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| चीनी (मन्दारिन) | – 1 बिलियन से अधिक |
| अंग्रेजी | – 512 मिलियन |
| हिन्दी | – 498 मिलियन |
| स्पेनिस | – 391 मिलियन |
| रूसी | – 280 मिलियन |
| अरबी | – 245 मिलियन |
| बंगाली | – 211 मिलियन |
| पुर्तगाली | – 192 मिलियन |
| मलय इंडोनेशियाई | – 160 मिलियन |
| जापानी | – 125 मिलियन |

**99.** (C) राष्ट्रगान के लेखक रविन्द्रनाथ टैगोर हैं। इसका सामान्य गायन काल 52 सेकण्ड है, जबकि संक्षिप्त गायन काल 20 सेकण्ड है।

**100.** (A) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सांस्कृतिक विभाग के अंतर्गत कार्य करती है। इसकी स्थापना 1861 में तथा मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

# प्रैक्टिस सेट–1
## (सामाजिक अध्ययन–पेपर-1)

**1.** विजयनगर राज्य किस नदी के किनारे स्थित था ?
(A) गंगा (B) कावेरी
(C) तुंगभद्रा (D) कृष्णा

**2.** 'बालविहार' प्रणाली के संस्थापक कौन थे ?
(A) मॉन्टेसरी (B) फ्रॉबेल
(C) थॉर्नडाइक (D) पर्सी नन

**3.** एक सामान्य त्रुटि का पता लगाने की कोड CRC का पूर्ण रूप है—
(A) Cross Reference Check
(B) Circular Reference Check
(C) Cyclic Redundance Check
(D) Cyclical Redundancy Code

**4.** टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाला प्रथम भारतीय क्रिकेटर कौन था ?
(A) सचित तेन्दुलकर
(B) सुनील गावस्कर
(C) वीरेन्द सहवाग
(D) विनोद काम्बली

**5.** भारत के राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत कब स्थापित किया गया था ?
(A) वर्ष 1957 में (B) वर्ष 1760 में
(C) वर्ष 1767 में (D) वर्ष 1770 में

**6.** मुगल काल में झारखण्ड का क्षेत्र किस नाम से जाना जाता था ?
(A) सुकरा (B) कुकरा
(C) आटवी (D) आरण्या

**7.** वायुमंडलीय सापेक्ष आर्द्रता को मापने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण निम्नानुसार है?
(A) हाइड्रोमीटर (B) हाइग्रोमीटर
(C) लेक्टोमीटर (D) पोटेन्शियोमीटर

**8.** सिविल सेवा किसके शासन काल में प्रारम्भ की गई थी ?
(A) लॉर्ड केनिंग (B) लॉर्ड कर्जन
(C) लॉर्ड कार्नवालिस (D) लॉर्ड डलहौजी

**9.** किस स्थल से प्राप्त शिलालेख से प्रमाणित होता है कि 9वीं शताब्दी में छोटानागपुर के आस–पास के क्षेत्रों में गुर्जर–प्रतिहारों का प्रसार हो चुका था ?
(A) इटखोरी (B) धनबाद
(C) सिंहभूम (D) पलामू

**10.** 'REXIT' क्या है ?
(A) रघुराम राजन का आर. बी. आई. गवर्नर से हटना
(B) नवीनतम हॉलीवुड मूवी
(C) यूरोपीय संघ से ब्रिटेन का प्रस्तावित निकाय
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** 'BRICS' देश का एक हिस्सा कौन-सा राष्ट्र है—
(A) बोत्सवाना (B) बेलारूस
(C) बोलीविया (D) ब्राजील

**12.** निम्नलिखित में किस वर्ष में भारतीय आईटी अधिनियम 2000 में प्रमुख संशोधन किया गया था?
(A) 2006 (B) 2005
(C) 2008 (D) 2004

**13.** भारत के किसी–किसी क्षेत्र में लाल मिट्टी पाई जाती है— मिट्टी के लाल रंग होने का मुख्य कारण क्या है ?
(A) मैग्नीशियम की बहुतायत
(B) संचित ह्यूमस
(C) फेरिक ऑक्साइड की उपस्थिति
(D) फास्फेट की बहुतायत

**14.** शून्य काल का अर्थ क्या है ?
(A) जब विपक्ष का प्रस्ताव मान लिया जाय
(B) जब कोई अतिमहत्वपूर्ण विषय चर्चा के लिए उठाया जाए
(C) सुबह और दोपहर के सत्र के मध्य का अंतराल
(D) जब धन विधेयक लोकसभा में पेश किया जाय

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वत दर्रा भारत के उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है ?
(A) कोंगका दर्रा
(B) लिपुलेख दर्रा
(C) खारदोंग दर्रा
(D) लनक दर्रा

**16.** भाखड़ा बाँध किस नदी पर बना हुआ है ?
(A) चेनाब (B) ताप्ती
(C) सतलज (D) रावी

**17.** संथाल परगना का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?
(A) दुमका (B) गुमला
(C) पाकुड़ (D) इनमें से कोई नहीं

**18.** 'अवमूल्यन' का अर्थ है—
(A) घरेलू मुद्रा के स्थान पर एक नई मुद्रा को लागू करना
(B) चल पूँजी
(C) अन्य देशों की मुद्रा की तुलना में घरेलू मुद्रा का मान कम करना
(D) घरेलू मुद्रा का मान बढ़ाना

**19.** भारत का सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य है—
(A) सिक्किम (B) उत्तराखण्ड
(C) मिजोरम (D) अरुणाचल

**20.** निम्न में से कौन–सा खेल झारखण्ड के जन–जातीय क्षेत्रों में अधिक लोकप्रिय हुआ है ?
(A) क्रिकेट (B) फुटबॉल
(C) हॉकी (D) तीरंदाजी

**21.** मूक घाटी (साइलेंट वेली) कहाँ स्थित है ?
(A) केरल (B) बिहार
(C) महाराष्ट्र (D) त्रिपुरा

**22.** भारतीय शास्त्रीय नृत्य को विदेशों में किसने लोकप्रिय बनाया ?
(A) रवि शंकर
(B) उदय शंकर
(C) अमजद अली खां
(D) हरिप्रसाद चौरसिया

**23.** भारत का सबसे बड़ा एकल द्वीप सुदूर दक्षिण में कौन–सा है ?
(A) रामेश्वम द्वीप
(B) मिनिकॉय द्वीप
(C) कार निकोबार द्वीप
(D) ग्रेट निकोबार द्वीप

**24.** 'भारत का रूर' किस नदी बेसिन को कहा जाता है ?
(A) दामोदर (B) हुगली
(C) गोदावरी (D) स्वर्णरेखा

**25.** पहले जैन तीर्थंकर कौन थे ?
(A) महावीर (B) ऋषभदेव
(C) पारस नाथ (D) पद्मनाभ

**26.** मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होता है?
(A) राज्यपाल
(B) मुख्य न्यायाधीश
(C) विधान सभा
(D) राष्ट्रपति

**27.** कौन-सी कोटि BIOS को सर्वोत्तम परिभाषित करती है ?
(A) हाईवेयर (B) मालवेयर
(C) फर्मवेयर (D) यूटिलिटी

**28.** समुद्री जल का औसतन खारापन होता है—
(A) 2.5% (B) 3.0%
(C) 3.5% (D) 4.0%

**29.** निम्नलिखित में से एक गैर-योजना व्यय का सबसे महत्वपूर्ण आइटम कौन–सा है ?
(A) ब्याज का भुगतान
(B) रक्षा व्यय
(C) उर्वरक सब्सिडी
(D) सार्वजनिक उद्यमों के लिए ऋण

**30.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का गठन किसकी सिफारिश पर किया गया ?
(A) मुदालियर आयोग
(B) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण आयोग
(C) काठोरी आयोग
(D) सार्जेन्ट आयोग

**31.** कौन-सा पठार भारत का खनिज 'दिल-के-देश' के रूप में जाना जाता है ?
(A) भांडेर पठार
(B) छोटा नागपुर
(C) दक्कन पठार
(D) तिब्बती पठार

**32.** लन्दन में 13 मार्च, 1940 को सर माइकल ओ'डायर को गोली से मारा गया।
(A) मदनलाल धींगड़ा ने
(B) एम.पी.टी.आचार्य ने
(C) बी.डी.सावरकर ने
(D) ऊधम सिंह ने

**33.** क्रांतिकारी गतिविधियों के साथ कौन–सी पत्रिका जुड़ी हुई नहीं थी?
(A) सन्ध्या
(B) युगान्तर
(C) गदर
(D) यंग इंडिया

**34.** निम्नलिखित में से कौन प्रतिजैविक औषधि है?
(A) कुनैन
(B) सल्फागुआनिडीन
(C) क्लोरैम्फेनिकॉल
(D) एस्प्रिन

**35.** ''मुसलमान यदि खुश और सन्तुष्ट हैं, तो भारत में ब्रिटिश शक्ति का महत्तम बचाव होगा।'' यह किसने लिखा?
(A) हर्बर्ट रिसले
(B) लॉर्ड लिटन
(C) डब्ल्यू.डब्ल्यू. हंटर
(D) एच.एन.ब्रेल्सफोर्ड

**36.** टेलीफोन नेटवर्क के तारों पर डेटा संचारण द्वारा इंटरनेट उपलब्ध के लिए कौन-सी प्रौद्योगिकी इस्तेमाल की जाती है ?
(A) ट्रांसमीटर
(B) डायोड
(C) यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर
(D) डिजिटल सब्सक्राइबर लाइन

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा कारखाना झारखण्ड में स्थापित अपने स्थान से सुमेलित नहीं है ?

| भारत सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग | स्थान |
|---|---|
| (A) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड– | घाटशिला |
| (B) इंडियन एल्युमिनियम कम्पनी– | धनबाद |
| (C) हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड– | धनबाद |
| (D) हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन– लिमिटेड | राँची |

**38.** संवैधानिक उपचारों का अधिकार किसके तहत आता है ?
(A) मौलिक अधिकार
(B) कानूनी अधिकार
(C) संवैधानिक अधिकार
(D) प्राकृतिक अधिकार

**39.** किसान क्रेडिट कार्ड योजना किस वर्ष लागू की गई ?
(A) 1995-96 (B) 1998-99
(C) 2000-01 (D) 2004-05

**40.** संयुक्त राष्ट्र संघ की सरकारी भाषाएँ हैं—
(A) अंग्रेजी फ्रेंच, चीनी, रूसी, अरबी और स्पेनिश
(B) अंग्रेजी और फ्रेंच
(C) अंग्रेजी, चीनी, फ्रेंच और रूसी
(D) अंग्रेजी, हिन्दी, चीनी और रूसी

**41.** निम्नलिखित किसमें से प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1995 में मध्याह्न भोजन योजना चलाई गई ?
(A) वयस्क साक्षरता
(B) प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण करना
(C) माध्यमिक शिक्षा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** रासबिहारी बोस द्वारा संगठित भारतीय स्वतंत्रता लीग किस संगठन का एक अग्रदूत था ?
(A) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(B) भारतीय राष्ट्रीय फौज
(C) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
(D) मुस्लिम लीग

**43.** निम्नलिखित में से कौन-से महत्वपूर्ण व्यक्ति ने सभी तीनों ''गोलमेज सम्मेलन' में भाग लिया था—
(A) मदन मोहन मालवीय
(B) एनी बेसेन्ट
(C) महात्मा गाँधी
(D) बी. आर. अम्बेडकर

**44.** मौजूदा समय में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए लागू किए गये कार्यक्रमों को व्यवस्थित करने के उद्देश्य हेतु ''जननी सुरक्षा योजना'' का शुभारंभ किसके जन्मदिवस पर हुआ ?
(A) सुचेता कृपलानी
(B) कस्तूरबा गाँधी
(C) लक्ष्मी बाई
(D) विजय लक्ष्मी पंडित

**45.** भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदण्ड का कौन–सा क्षेत्र है ?
(A) सेवा क्षेत्र (B) वित्तीय क्षेत्र
(C) पर्यटन क्षेत्र (D) कृषि क्षेत्र

**46.** "मुझे विश्वास है कि कांग्रेस अपने विनाश की तरफ जा रही है और मेरी यह बड़ी इच्छा भारत में रहते पूरी होगी कि इसके शान्तिप्रिय निधन के लिए इसका सहायक बनूं।" यह किसने लिखा?
(A) लॉर्ड लिटन
(B) लॉर्ड डफरिन
(C) लॉर्ड कर्जन
(D) लॉर्ड मिन्टो

**47.** राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में कितने सदस्यों को नामित किया जा सकता है ?
(A) 10 (B) 22
(C) 12 (D) 9

**48.** अशोक के कौन-से शिलालेख में ब्राह्मी लिपि का प्रयोग नहीं किया गया था ?
(A) सारनाथ
(B) शाहबाजगढ़ी
(C) धौली
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** हंटर आयोग ने किसके विकास पर अधिक बल दिया ?
(A) प्राथमिक शिक्षा
(B) माध्यमिक शिक्षा
(C) स्त्री शिक्षा
(D) तकनीकी शिक्षा

**50.** विशाखदत्त द्वारा लिखित 'मुद्राराक्षस' कौन-सी भाषा में लिखा गया ?

(A) तमिल (B) पालि

(C) संस्कृत (D) हिन्दी

**51.** झारखण्ड क्षेत्र में मुस्लिम शासकों के प्रवेश का मार्ग सर्वप्रथम निम्न में से किसने प्रशस्त किया ?

(A) अलाउद्दीन खिलजी

(B) मुहम्मदबिन तुगलक

(C) फिरोज शाह तुगलक

(D) शेरशाह सूरी

**52.** कौन-सा भोजन तुरंत शक्ति प्रदान करता है ?

(A) प्रोटीन (B) मक्खन

(C) विटामिन (D) ग्लूकोज

**53.** निम्नलिखित में कौन-सी लैंग्वेज पास्कल से प्राप्त सिस्टम प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है एवं रक्षा एप्लिकेशन के लिए अभीष्ट है ?

(A) फोर्ट्रॉन (B) सी++ लैंग्वेज

(C) सी लैंग्वेज (D) एडा

**54.** निम्नलिखित में से किसमें कार्बन नहीं होता है ?

(A) डायमंड

(B) ग्रेफाइट

(C) कोयला

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** भारत में कृषि आयकर लगाया जा सकता है—

(A) स्थानीय सरकारों द्वारा

(B) राज्य सरकारों द्वारा

(C) केन्द्र सरकार द्वारा

(D) केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा

**56.** भारत छोड़ो आन्दोलन की सबसे अन्तिम घटना झारखण्ड में निम्न में से कौन–सी थी ?

(A) हजारीबाग जेल से जयप्रकाश नारायण का निकल भागना

(B) 22 अगस्त, 1943 को वाचस्पति त्रिपाठी की गिरफ्तारी

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** झारखण्ड में जूट के समान उत्पादित होने वाली रेशेदार फसल कौन-सी है?

(A) मेस्टा (B) पटसन

(C) सनई (D) इनमें से कोई नहीं

**58.** एक दीवाली रॉकेट 50 ग्राम गैस/से., 400 मी./से. की गति से छोड़ता है। रॉकेट पर त्वरण बल होगा–

(A) 20 डाइन (B) 20 न्यूटन

(C) 22 डाइन (D) 100 न्यूटन

**59.** 1936 में लखनऊ में अखिल भारतीय किसान सभा का प्रथम अध्यक्ष किसे चुना गया?

(A) एन.जी.रंगा

(B) ई.एम.एस. नम्बुदरीपाद

(C) स्वामी सहजानन्द सरस्वती

(D) आचार्य नरेन्द्र देव

**60.** कम्प्यूटर में डाटा का किस रूप में भंडारण होता है?

(A) आक्टल (B) हेक्सा–डेसीमल

(C) डेसीमल (D) बाइनरी

**61.** महात्मा गाँधी ने निम्नलिखित में से किसे अपना राजनीतिक गुरु माना था ?

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) गोपाल कृष्ण गोखले

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) बी. आर. अम्बेडकर

**62.** किताब ''सिक्स मशीनः आई डोन्ट लाइक क्रिकेट आई लव इट'' किस क्रिकेटर की आत्मकथा है ?

(A) युवराज सिंह

(B) क्रिस गेल

(C) वीरेन्द्र सहवाग

(D) ए.बी.डी विलियर्स

**63.** निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(A) MS-Word — Doc

(B) MS-Excel — XLS

(C) MS-Point — JPG

(D) MS-Power Point — PPT

**64.** भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन एक मौलिक कर्त्तव्य नहीं है ?

(A) लोक चुनावों में वोट डालना

(B) वैज्ञानिक कागजों को विकसित करना

(C) लोक संपत्ति की सुरक्षा करना

(D) संविधान को मानना एवं इसके आदर्शों की कद्र करना

**65.** 'पेरीप्लस ऑफ द इरिथ्रयन सी' किसने लिखी ?

(A) टेसियस

(B) प्लिनी

(C) टॉलमी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

**66.** निम्नलिखित में कौन एक द्रवता अनुपात है ?

(A) पूँजी पर रिटर्न

(B) चालू अनुपात

(C) परिसंपत्ति टर्नओवर

(D) ऋण से शेयरपूँजी अनुपात

**67.** प्रथम भारतीय जिसने दो पैरालम्पिक स्वर्ण पदक जीते–

(A) देवेन्द्र झाझरिया

(B) दीपा मलिक

(C) मरियप्पन थंगावेलू

(D) वरुण सिंह भाटी

**68.** संविधान सभा के पहले अध्यक्ष कौन थे ?

(A) डॉ. बी. आर अम्बेडकर

(B) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा

(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**69.** किसने बंगाल में स्थायी उपनिवेश की शुरुआत की ?

(A) लार्ड कर्जन (B) विलियम बेंटिंक

(C) लॉर्ड डलहौजी (D) लॉर्ड कार्नवालिस

**70.** 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम योजना किससे संबंधित है ?

(A) भारत में गिरते हुए शिशु लिंग अनुपात का समाधान एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना

(B) भारत की महिला आबादी के बहुराष्ट्रीय अंतर्ग्रहण को बेहतर करना

(C) भारत में सभी बालिकाओं को अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था करना

(D) अनिवार्य शिक्षा प्रदान करके जल्दी विवाह प्रणाली पर प्रतिबंध लगाना

**71.** अपने स्वयं के प्रयोग के लिए मालिक द्वारा ली गई वस्तुओं के मूल्य को किस खाते में क्रेडिट किया जाएगा ?

(A) बिक्री खाता (B) निकासी खाता

(C) खरीद खाता (D) पूँजी खाता

**72.** मोनोजाइट किसका अयस्क है ?

(A) जर्कोनियम (B) थोरियम

(C) टाइटेनियम (D) लौह

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्रीलिंग हॉर्मोन है ?

(A) एस्ट्रोजन (B) एन्ड्रोजन

(C) ऑक्सीजन (D) इंसुलिन

**74.** बी. सी. जी. टीका किसके विरुद्ध रोग प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करता है ?

(A) पोलियोमाइलिटिस

(B) ट्यूबरकुलोसिस

(C) टिटनेस

(D) कुकुरखांसी

**75.** कैशलेस लेन–देन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा किस समिति का गठन किया गया है?

(A) नचिकेत मोरे समिति

(B) शांता कुमार समिति

(C) एच.आर. खान समिति

(D) नीरज कुमार गुप्ता समिति

**76.** एक ग्रंथि जिसमें अंत:स्रावी और बहिर्स्रावी दोनों कार्य होते हैं—

(A) पीयूष ग्रंथि (B) थाइरॉयड

(C) अग्न्याशय (D) अधिवृक्क

**77.** भारत के संविधान का अनुच्छेद 243 निम्न–लिखित में किसकी व्याख्या करता है ?

(A) भूमि सुधार

(B) पंचायतीराज प्रणाली

(C) मौलिक कर्तव्य

(D) राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियाँ

**78.** निम्नलिखित किसके शासनकाल में मुगलों और मराठों के बीच द्वंद्व प्रारंभ हुआ ?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

**79.** कौटिल्य की पुस्तक अर्थशास्त्र किस विषय पर आधारित है ?

(A) आर्थिक सम्बन्ध

(B) शासनकला के सिद्धान्त और अभ्यास

(C) विदेश नीति

(D) धन संचय

**80.** निम्नलिखित किन सम्राटों के शासनकाल में भारत का पहला मुद्रा रुपया मुद्रित हुआ ?

(A) अकबर (B) हुमायूँ

(C) शेरशाह सूरी (D) समुद्रगुप्त

**81.** 'राजनीतिक रत्नाकर' का लेखक है

(A) चन्द्रशेखर (B) विद्यापति

(C) ज्योतिरेश्वर (D) हरिब्रह्मदेव

**82.** राष्ट्रीय जलमार्ग-I जोड़ता है–

(A) कोट्टापुरम को कोल्लम से

(B) सादिया को धुबरी से

(C) हल्दिया को इलाहाबाद से

(D) हल्दिया को कोलकाता से

**83.** कौन-सा साहित्य, संगम साहित्य के रूप प्रसिद्ध है ?

(A) तमिल साहित्य (B) वैदिक साहित्य

(C) उर्दू साहित्य (D) संस्कृत साहित्य

**84.** विटामिन-सी का सबसे उत्तम स्रोत है—

(A) सेब (B) आँवला

(C) अमरूद (D) दूध

**85.** आइंस्टीन को नोबेल प्राइज' किस कार्य पर मिला ?

(A) आपेक्षिकता

(B) बोस–आइंस्टीन संघनन

(C) संहति एवं ऊर्जा की तुल्यता

(D) प्रकाश–विद्युत प्रभाव

**86.** किस अर्थशास्त्री ने भारत में सबसे पहले वैज्ञानिक दृष्टि से राष्ट्रीय आय की गणना की ?

(A) डी.आर.गाडगिल

(B) वी.के.आर.वी. राव

(C) मनमोहन सिंह

(D) वाई.वी. अलघ

**87.** किस रॉकेट वाहन से इसरो ने जी.एस.ए.टी 6ए उपग्रह सफलतापूर्वक लॉन्च किया है ?

(A) जी.एस.एल.वी–एफ 07

(B) जी.एस.एल.वी–एफ 09

(C) जी.एस.एल.वी–एफ 05

(D) जी.एस.एल.वी–एफ 08

**88.** निम्नलिखित में से कौन राजस्व व्यय का एक उदाहरण है ?

(A) फैक्टरी रोड का निर्माण

(B) जमीन की खरीद

(C) एक प्रिंटर की मरम्मत

(D) एक नई मशीन की स्थापना

**89.** निम्न में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय 'विकलांग दिवस' के रूप में मनाया जाता है ?

(A) 1 दिसम्बर (B) 3 दिसम्बर

(C) 25 दिसम्बर (D) 31 दिसम्बर

**90.** वास्को-डि-गामा किस वर्ष कालीकट में उतरा ?

(A) 1234 (B) 1681

(C) 1394 (D) 1498

**91.** 'काली क्रांति' सम्बन्धित है

(A) मत्स्य उत्पादन

(B) कोयला उत्पादन

(C) कच्चा तेल उत्पादन

(D) सरसों उत्पादन

**92.** प्राचीन भारत के महान व्याकरणविद् पतंजलि किसके समकालीन थे ?

(A) चंद्रगुप्त मौर्य (B) अशोक

(C) पुष्यमित्र शुंग (D) वसुमित्र

**93.** कौन-सा जीवित पक्षी विश्व का सबसे छोटा अंडा देता है ?

(A) हार्नबिल

(B) बी हमिंगबर्ड

(C) गल

(D) कठफोड़वा

**94.** गरीब लड़कियों के विवाह के लिए किस राज्य सरकार ने 'रूपश्री योजना' शुरू की है ?

(A) तमिलनाडु

(B) ओडिशा

(C) पश्चिम बंगाल

(D) असम

**95.** त्रिपिटक किसकी धार्मिक पुस्तक है ?

(A) जैन (B) हिन्दू

(C) पारसी (D) बौद्ध

**96.** निम्नांकित में से 'स्वतंत्र' समाचार-पत्र/ पत्रिका के संस्थापक कौन थे ?

(A) एनी बेसेंट

(B) अरविंद घोष

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) मोतीलाल नेहरू

**97.** 'कश्मीर का अकबर' नाम से प्रसिद्ध सुल्तान था–

(A) सुल्तान शमशुद्दीन शाह

(B) सुल्तान कुतुबुद्दीन

(C) सुल्तान सिकन्दर

(D) सुल्तान जैनुल आबिदीन

**98.** झारखंड राज्य के विधानमंडल का रूप है–

(A) एकसदनात्मक (B) द्विसदनात्मक

(C) त्रिसदनात्मक (D) इनमें से कोई नहीं

**99.** झारखंड से राज्य सभा के लिए चुने जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या है–

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

**100.** गूगल इंडिया के सहयोग से किस केंद्रीय मंत्रालय ने 'इंक्रेडियल इंडिया' पर 360° वर्चुअल रिएलिटी (वी.आर) विडियो लॉन्च किया है ?

(A) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय

(B) सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(C) सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय

(D) पर्यटन मंत्रालय

## व्याख्यात्मक हल

**1.** (C) विजयनगर राज्य तुंगभद्रा नदी के उत्तरी तट पर स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1336 में हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाइयों ने की थी।

**2.** (B) बालविहार प्रणाली की स्थापना वर्ष 1817 में जर्मनी के दार्शनिक फ्रॉबेल ने की थी। इसकी स्थापना फ्रॉबेल ने बच्चों को शिक्षित करने और उनकी क्षमता को अधिकतम विकसित करने हेतु की थी।

**3.** (D) CRC का पूर्ण रूप Cyclical Redundancy Code है। इसका प्रयोग embeded networks और अन्य applications में डेटा के आकस्मिक

परिवर्तन की वजह का पता लगाने के लिए किया जाता है।

**4.** (C) टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले प्रथम भारतीय क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग हैं। सहवाग ने 28 मार्च 2004 को मुल्तान स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ 309 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की।

**5.** (C) वर्ष 1767 में भारत के राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्थापित किया गया।

**6.** (B) मुगल काल में झारखंड क्षेत्र कुकरा के नाम से जाना जाता था। इस राज्य को वर्ष 2000 में बिहार से अलग करके बनाया गया है।

**7.** (B) वायुमंडल की आर्द्रता नापने के साधनों को आर्द्रतामापी (हाइग्रोमीटर/Hygrometer) कहते हैं। सल्फ्यूरिक अम्ल, कैल्सियम क्लोराइड, फॉस्फोरस पेंटाक्साइड, साधारण नमक आदि का उपयोग करके रासायनिक आर्द्रतामापी बनाए जाते हैं।

**8.** (C) वर्ष 1793 में लार्ड कार्नवालिस के शासन काल (1786 से 1793 एवं 1805) में सिविल सेवा (नागरिक सेवा) का प्रारंम्भ हुआ।

**9.** (A) इटखोरी स्थल से प्राप्त शिलालेख से प्रमाणित होता है कि 9वीं शताब्दी में छोटानागपुर के आस–पास के क्षेत्रों में गुर्जर–प्रतिहारों का प्रसार हो चुका था।

**10.** (A) 'REXIT' एक नया शब्द है। इसका प्रयोग मीडिया द्वारा आर.बी.आई. के गवर्नर रघुराम राजन के पदमुक्त होने की घटना के लिए किया गया है।

**11.** (D) ब्रिक्स पाँच प्रमुख उभरती अर्थ-व्यवस्थाओं का समूह है जहाँ विश्वभर की 43% आबादी रहती है। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका इसके सदस्य देश है।

**12.** (B) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट-2000) भारतीय संसद द्वारा पारित एक अधिनियम है जो 17 अक्टूबर, 2000 को पारित हुआ। 27 अक्टूबर, 2009 को एक घोषणा द्वारा इसे संशोधित किया गया।

**13.** (C) लाल मिट्‌टी का जमाव पठारी क्षेत्रों में पाया जाता है, जिसमें धातुओं (मुख्यतः सिलिका तथा आयरन) की अधिकता होती है तथा जो ऑक्सीकृत होने के पश्चात् लाल रंग में परिवर्तित हो जाती है।

**14.** (B) दोनों सदनों में प्रश्नकाल के ठीक बाद 12 बजे से 1 बजे तक का समय शून्यकाल कहलाता है। इस काल का दोनों सदनों की प्रक्रिया संचालन नियम में कोई उल्लेख नहीं है। इस काल के दौरान सदस्य कोई अतिमहत्वपूर्ण विषय चर्चा के लिए उठाते हैं तथा उस पर तुरन्त कार्यवाही चाहते हैं।

**15.** (B) लिपुलेख दर्रा हिमालय का एक पहाड़ी दर्रा है जो एक विवादित क्षेत्र है जो नेपाल के दार्चुला जिला ब्यास गाँउपलिका में है। यह क्षेत्र भारत के उत्तराखंड राज्य के कुमाऊँ क्षेत्र को तिब्बत के तकलाकोट (पुरंग) शहर से जोड़ता है। यह प्राचीनकाल से व्यापारियों और तीर्थयात्रियों द्वारा भारत और तिब्बत के बीच आने-जाने के लिये प्रयोग किया जा रहा है। यह दर्रा भारत से कैलाश पर्वत व मानसरोवर जाने वाले यात्रियों द्वारा विशेष रूप से इस्तेमाल होता है।

**16.** (C) भाखड़ा बांध हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में सतलज नदी पर बनाया गया है। यह बाँध 261 मीटर ऊँचे टिहरी बाँध के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊँचा बांध है। भाखड़ा नागल बांध भूकम्पीय क्षेत्र में स्थित विश्व का सबसे ऊँचा गुरुत्वीय बाँध है।

**17.** (A) संथाल, झारखंड की कमिशनरी है जिसका मुख्यालय दुमका है। इस इकाई में झारखंड के छः जिले हैं—गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा साहिबगंज और पाकुड़।

**18.** (C) किसी देश की मुद्रा की तुलना में घरेलू मुद्रा का मान कम करना अवमूल्यन कहलाता है। यह अवमूल्यन परिस्थितियों के अनुसार सरकार स्वयं करती है।

**19.** (A) भारत का सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य सिक्किम है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यहाँ की जनसंख्या 6,07,688 है।

**20.** (C) हॉकी खेल झारखण्ड के जन–जातीय क्षेत्रों में अधिक लोकप्रिय हुआ है।

**21.** (A) मूक घाटी (Silent Valley) केरल में स्थित है।

**22.** (B) भारतीय शास्त्रीय नृत्य को विदेशों में उदय शंकर ने लोकप्रिय बनाया। उन्हें भारत में 'आधुनिक नृत्य का जन्मदाता' भी कहा जाता है।

**23.** (D) भारत का दक्षिणतम द्वीप ग्रेट निकोबार के नाम से जाना जाता है। भारत का दक्षिणतम बिन्दु इंदिरा प्वाइंट इण्डिया यहीं स्थित है।

**24.** (A) दामोदर नदी बेसिन को प्रदूषण के कारण 'भारत का रूर' कहा जाता है।

**25.** (B) ऋषभदेव जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर थे। जैन धर्म में कुल 24 तीर्थंकर हुए, जिनमें पहले ऋषभदेव एवं चौबीसवें महावीर थे।

**26.** (C) मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से विधानसभा के प्रति उत्तरदायी होता है।

**27.** (C) BIOS का पूर्ण रूप Basic Input/Output System है। यह फर्मवेयर का एक प्रकार है।

**28.** (C) समुद्री जल का औसतन खारापन 3.5 प्रतिशत होता है। सागरीय जल में घुले हुए पदार्थों के भार एवं उसके जल के भार के अनुपात को सागरीय लवणता कहते हैं।

**29.** (A) गैर-योजना वह योजना है जिसके तहत सब्सिडी प्रदान की जाती है और इसमें व्यय का सबसे महत्वपूर्ण आइटम ब्याज का भुगतान होता है।

**30.** (B) भारत का विश्वविद्यालय अनुदान आयोग केन्द्रीय सरकार का उपक्रम है जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करता है।

**31.** (B) छोटा नागपुर पठार को भारत का खनिज 'दिल-के-देश' के रूप में जाना जाता है। छोटा नागपुर पठार अभ्रक, बाक्साइड, तांबा, चूना पत्थर, लौह-अयस्क और कोयला जैसे खनिजों का भंडार गृह है।

**32.** (D) लन्दन में 13 मार्च, 1940 को जनरल डायर को ऊधम सिंह ने 13 अप्रैल, 1919 ई. में जलियांवाला बाग हत्याकण्ड का प्रतिशोध लेने के लिए गोली मार दी।

**33.** (D) 'यंग इण्डिया' 1919 से 1931 तक महात्मा गाँधी द्वारा प्रकाशित किया जाने वाला एक साप्ताहिक समाचार पत्र था। गाँधीजी ने अपनी विशिष्ट विचार धारा का प्रचार करके, आयोजित होने वाले आंदोलन में अहिंसा के प्रयोग सम्बन्धी विचारों को फैलाने तथा भारत को ब्रिटेन से वास्तविक स्वतंत्रता दिलाने हेतु पाठकों से योजना बनाने और आंदोलन में शामिल होने के आग्रह करने हेतु इस समाचार पत्र का प्रयोग किया । 'यंग इण्डिया' अहिंसा से सम्बन्धित विषयों पर जोर देता था। संध्या, युगांतर और गदर क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़ी समाचार पत्र/पत्रिकाएँ थीं।

**34.** (C) क्लोरैम्फेनिकॉल (Chloramphenicol) एक प्रतिजैविक (Antibiotic) पदार्थ है, जिसका उपयोग जीवाणुजनित रोगों के उपचार में होता है।

**35.** (C) 'मुसलमान यदि खुश और संतुष्ट हैं,तो भारत मे ब्रिटिश शक्ति का महत्तम बचाव होगा—यह कथन स्कॉटिश इतिहासकार

विलियम विल्सन हंटर द्वारा लिखा गया था। उन्होंने अपनी पुस्तक 'द इण्डियन मुसलमान' (1871 में प्रकाशित) में यह तर्क दिया था।

**36.** (D) टेलीफोन नेटवर्क के तारों से डेटा संचारण द्वारा इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल सब्सक्राइबर लाइन (DSL) प्रौद्योगिकी का इस्तेमान किया जाता है।

**37.** (B) इंडियन एल्यूमीनियम कम्पनी भुवनेश्वर में है। यह झारखंड में नहीं है।

**38.** (A) संवैधानिक उपचारों का अधिकार, मौलिक अधिकार के तहत आता है। मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने पर अनुच्छेद 32 के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट जारी कराया जा सकता है।

**39.** (B) किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत वर्ष 1998-99 में की गई।इसकी शुरुआत किसानों को कृषि सम्बन्धी खर्चों की पूर्ति के लिए पर्याप्त एवं समय पर ऋण की सुविधा प्रदान करना तथा साथ ही आकस्मिक खर्चों के अलावा सहायता कार्यकलापों से सम्बन्धित खर्चों की पूर्ति करना।

**40.** (A) 4 जनवरी 1942 को वाशिंगटन में अटलांटिक चार्टर का समर्थन करने वाले 26 राष्ट्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की घोषणा पर हस्ताक्षर किये। अँग्रेजी, स्पेनिश, फ्रेंच, चीनी, अरबी, रूसी इसकी सरकारी भाषाएँ हैं।

**41.** (B) मध्याह्न भोजन योजना भारत सरकार द्वारा 15 अगस्त में लागू की गयी थी। जिसके अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के सरकारी/परिषदीय/ राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को 80% उपस्थिति पर 3 किग्रा गेहूँ और चावल दिये जाने की व्यवस्था की गयी।

**42.** (B) जापान में रह रहे क्रांतिकारी रास बिहारी बोस ने जून 1942 ई. के बैकांक सम्मेलन में 'इण्डियन इनडिपेंस लीग' की स्थापना की।

**43.** (D) तीनों गोलमेज सम्मेलन में अम्बेडकर ने भाग लिया था। महात्मा गाँधी ने कांग्रेस के प्रतिनिध के रूप में केवल दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया था।

**44.** (B) 11 अप्रैल, 2005 से कस्तूरबा गाँधी का जन्म दिवस 11 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष 'राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस' के रूप में मनाया जाता हैं।

**45.** (D) कृषि क्षेत्र को भारतीय, अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। कृषि में विकास से ग्रामीण बाजारों में औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पादों की माँग बढ़ती है, जिससे भारत के गैर-कृषि क्षेत्रों के विकास को बल मिलता है। अतः देश की 17% आबादी को आसरा देने वाला कृषि क्षेत्र 'भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदण्ड' कहा जाता है।

**46.** (C) लार्ड कर्जन 1900 से 1905 ई. तक गवर्नर जनरल था, बंगाल का विभाजन, रेलवे बोर्ड गठन (1905) फ्रेजर कमीशन (पुलिस सुधार) आदि कार्य में कर्जन का योगदान रहा है।

**47.** (C) राष्ट्रपति को अनु 80(क) के तहत राज्य सभा में 12 ऐसे व्यक्तियों को मनोनीत करने का अधिकार प्राप्त है जो साहित्य, कला, विज्ञान व समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष ज्ञान व अनुभव रखते हों।

**48.** (B) शाहबाजगढ़ी एक गाँव व ऐतिहासिक स्थल है जो पाकिस्तान के मर्दाना जिले में स्थित है। यह स्थल तीसरी शताब्दी में सम्राट अशोक द्वारा स्थापित शिलालेख के लिए प्रसिद्ध है।

**49.** (A) हन्टर शिक्षा आयोग की स्थापना ब्रिटिश शासन काल में लॉर्ड रिपन द्वारा 1882 ई. में की गयी थी। 'हन्टर शिक्षा आयोग' के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की समीक्षा तक ही सीमित रखा गया था। इस आयोग ने प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के महत्व पर अधिक बल दिया तथा उन्हें स्थानीय भाषा और उपयोगी विषय में शिक्षा देने का सुझाव दिया।

**50.** (C) मुद्राराक्षस चौथी शताब्दी में रचित संस्कृत का ऐतिहासिक नाटक है। इसके रचयिता विशाखदत्त हैं।

**51.** (D) झारखण्ड क्षेत्र में मुस्लिम शासकों के प्रवेश का मार्ग शेरशाह सूरी ने प्रशस्त किया।

**52.** (D) 'ग्लूकोज' तुरंत शक्ति प्रदान करने वाला खाद्य पदार्थ है। ग्लूकोज मोनोसैकेराइड (सरल कार्बोहाइड्रेट्स) होता है। इसका सामान्य सूत्र $C_6H_{12}O_6$ है। यह पानी में घुलनशील तथा स्वाद में मीठा होता है।

**53.** (D) पास्कल से प्राप्त सिस्टम प्रोग्रामिंग लैंग्वेज 'एडा' है जिसका प्रयोग रक्षा एप्लिकेशन के लिए होता है।

**54.** (D) डायमंड, ग्रेफाइट, कोयला सभी में कार्बन विभिन्न अपरूपों में पाया जाता है।

**55.** (B) 'कृषि' राज्य सूची का विषय है। अतः इस पर कर लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को प्राप्त है।

**56.** (B) भारत छोड़ो आन्दोलन की सबसे अन्तिम घटना झारखण्ड में 22 अगस्त, 1943 को वाचस्पति त्रिपाठी की गिरफ्तारी थी।

**57.** (A) झारखंड में जूट के सामान उत्पादित होने वाली रेशेदार फसल मेस्टा की है। यह कपास और जूट के बाद एक ही महत्वपूर्ण व्यावसासिक फसल है।

**58.** (B) रॉकेट पर त्वरण बल = ऊपर की ओर प्रणोद

$$= \frac{\Delta m}{\Delta r} u$$

दिया है : $\frac{\Delta m}{\Delta t} = 5 \times 10^{-3}$ किग्रा/से

और $u = 400$ मी./से.

अतः त्वरण बल $= 5 \times 10^{-3} \times 400$

$= 20$ न्यूटन

**59.** (C) वर्ष 1936 में लखनऊ में अखिल भारतीय किसान सभा का प्रथम अध्यक्ष स्वामी सहजानन्द सरस्वती को चुना गया। इस अधिवेशन की अध्यक्षता पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी।

**60.** (D) कम्प्यूटर का डाटा बाइनरी के रूप में भंडारित होता है। इसकी सबसे छोटी इकाई बिट होती है।

**61.** (B) महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे।

**62.** (B) पुस्तक 'सिक्स मशीन : आई डॉण्ट लाइफ क्रिकेट..........आई लव इट' क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) की आत्मकथा है।

**63.** (D) MS-Power Point का फाइल विस्तार PPT होता है।

**64.** (A) 'लोक चुनावों में वोट डालना', भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक कर्त्तव्य में शामिल नहीं है। भारतीय संविधान के अंतर्गत भाग-4क में मूल कर्त्तव्यों को शामिल किया गया है। इसे अनुच्छेद 51(क) के तहत रखा गया।

**65.** (D) 'पेरीप्लस ऑफ द इरिथ्रियन सी' एक ग्रीको रोमन पेरीप्लस है। यह रोमन मिस्र के बंदरगाहों से नेविगेशन और व्यापार के अवसरों का वर्णन करता है। इसे लगभग 60 ई. में अलेक्जेण्ड्रिया के एक अनाम नाविक ने लिखा। इसने भारत से आयात व निर्यात की जाने वाली वस्तुओं का भी उल्लेख किया है।

**66.** (B) चालू, अनुपात ही, द्रवता अनुपात (Liquidity ratio) है।

**67.** (A) देवेन्द्र झाझरिया प्रथम ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो पैरालम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं। 35 वर्षीय देवेन्द्र झाझरिया ने रियो पैरालम्पिक में पुरुषों को जेवेलिन ओ। (F-46) स्पर्धा में स्वर्ण

पदक जीता इसमें पूर्व 2004 में एथेंस पैरालम्पिक में थी उन्होंने इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

**68.** (B) संविधान सभा के पहले अस्थायी अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा थे। इन्होंने 9 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक की अध्यक्षता की थी। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा के प्रथम स्थायी अध्यक्ष चुना गया था।

**69.** (D) लॉर्ड कार्नवालिस ने 1793 ई. में बंगाल में स्थायी उपनिवेश (स्थायी बंदोबस्त) की शुरुआत की। इस व्यवस्था के तहत भूमि का मालिकाना हक जमींदारों को दे दिया गया। यह व्यवस्था भारत के 23% हिस्से में लागू था।

**70.** (A) 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत जिले से आरंभ की गयी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में गिरते शिशु लिंग अनुपात का समाधान एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना है।

**71.** (C) अपने स्वयं के प्रयोग के लिए मालिक द्वारा ली गई वस्तुओं के मूल्य को खरीद खाता में क्रेडिट किया जाएगा।

**72.** (B) मोनाजाइट 'थोरियम' का अयस्क है। मोनाजाइट भारत के केरल राज्य में रेत में पाए जाने वाला खनिज है।

**73.** (A) 'एस्ट्रोजन' हार्मोन महिलाओं में प्रजनन एवं यौन विकास के लिए महत्त्वपूर्ण होते हैं। इस हार्मोन से स्त्रियों में यौवनारंभ, स्तनों का विकास, मासिक धर्म की शुरुआत होती है।

**74.** (B) बी.सी.जी. टीका का प्रयोग ट्यूबर-कुलोसिस (TB) रोग के विरुद्ध किया जाता है। यह 'माइक्रो-बैक्टीरियम ट्यूबर-कुलोसिस' नामक जीवाणु से फैलने वाली संक्रामक बीमारी है।

**75.** (D) कैशलेस लेन–देन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा मई, 2016 में नीरज कुमार गुप्ता समिति का गठन किया गया था। सात सदस्यों वाली इस समिति का उद्देश्य डेविट/क्रेडिट कार्ड स्वीकार करने वाली आधारभूत संरचना में वृद्धि करना तथा क्रेडिट कार्ड के लिए विनिमय शुल्क को स्थायी बनाए रखना है।

**76.** (C) अग्न्याशय ग्रंथि से अन्तःस्रावी तथा बहिःस्रावी दोनों हार्मोनों का स्राव होता है। इस कारण इसे मिश्रित ग्रंथि भी कहते हैं।

**77.** (A) भारतीय संविधान के भाग IX तथा अनुच्छेद 243 से 2430 का संबंध पंचायती राज प्रणाली से है।

**78.** (D) मराठों का उत्कर्ष शिवाजी के समय हुआ और उन्होंने मुगल सत्ता को दक्षिण में चुनौती दी। इस समय मुगल शासक औरंगजेब था। सर्वप्रथम मुगलों का मराठों से संघर्ष 1665 ई. में हुआ।

**79.** (B) कौटिल्य की पुस्तक अर्थशास्त्र मूल रूप से शासनकला के सिद्धान्त और अभ्यास से सम्बन्धित रचना है, लेकिन इसमें प्रश्नोक्त अन्य विषयों की भी चर्चा है।

**80.** (C) शेरशाह सूरी के समय भारत का पहला रुपया मुद्रित किया गया। शेरशाह ने 178 ग्रेन का चाँदी का रुपया एवं 380 ग्रेन ताँबे का दाम चलवाया था।

**81.** (A) 'राजनीति रत्नाकर' नामक पुस्तक की रचना चन्द्रशेखर द्वारा 14वीं शताब्दी में की गई थी। यह पुस्तक कालावधि से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण राजनीतिक सार संग्रह है जो मिथिला के कर्नाट वंश के इतिहास और राजनीति पर प्रकाश डालती है। चन्द्रशेखर कर्नाट वंश के अंतिम शासक हरि सिंह देव के दरबार में एक मंत्री था।

**82.** (C) गंगा नदी से गुजरने वाले 1680 किमी. लम्बे **इलाहाबाद–हल्दिया** जलमार्ग को **राष्ट्रीय जलमार्ग–I** का दर्जा अधिकृत रूप से प्रदान किया गया है।

**83.** (A) तमिल साहित्य को संगम साहित्य कहा जाता है। इस साहित्य में चोल, चेर, पांड्य राज्यों का उल्लेख मिलता है।

**84.** (B) विटामिन-C का सबसे उत्तम स्रोत 'आंवला' है। विटामिन-C का रासायनिक नाम 'एस्कॉर्बिक एसिड' है। यह सामान्यतः खट्टे रसदार फलों में पाया जाता है। इस विटामिन की कमी से 'स्कर्वी रोग' हो जाता है।

**85.** (D) अल्बर्ट आइंस्टीन को प्रकाश विद्युत प्रभाव की व्याख्या एवं इसके नियम को प्रतिपादित करने हेतु वर्ष 1921 में भौतिकी के क्षेत्र को नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था।

जब किसी उचित तरंगदैर्ध्य के प्रकाश विकिरणों को धातु की सतह पर डाला जाता है तो धातु की सतह से इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होने लगते हैं इसे प्रकाश विद्युत प्रभाव कहते हैं।

**86.** (B) भारत में राष्ट्रीय आय को मापने का प्रथम वैज्ञानिक प्रयास विजयेंद्र कस्तूरी रंगा वरदराजा राव द्वारा 1931-32 में किया गया था। उन्होंने ₹ 1689 करोड़ को राष्ट्रीय आय और ₹ 62 प्रति व्यक्ति आय का अनुपात लगाया था उन्होंने कृषि क्षेत्र में आय का अनुमान लगाने के लिए 'उत्साह विधि' तथा गैर–कृषि क्षेत्र में आय का अनुमान लगाने के 'आय विधि' का प्रयोग किया था। राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने के लिए प्रो. राव द्वारा विकसित तकनीक का प्रयोग आज भी किया जाता है।

**87.** (D) आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र से 29 मार्च, 2018 को इसरो द्वारा जीसैट–6ए (GSAT-6A) को प्रक्षेपण वाहन (रॉकेट) जीएसएलवी– एफ 08 के द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था।

**88.** (C) एक प्रिंटर की मरम्मत राजस्व व्यय का उदाहरण है क्योंकि इससे सरकार की परिसंपत्ति का निर्माण नहीं होता है।

**89.** (B) 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मानाया जाता है।

**90.** (D) वास्को-डि-गामा पुर्तगाली नाविक था जो 20 मई, 1498 को कालीकट (केरल) के बंदरगाह पर पहुँचा।

**91.** (C) 'काली क्रांति' का सम्बन्ध कच्चा तेल (Crude Oil) के उत्पादन से है।

**92.** (C) महान व्याकरणविद् पतंजलि शुंग शासक पुष्यमित्र शुंग के पुरोहित थे। इन्होंने 'महाभाष्य' नामक पुस्तक की रचना की थी

**93.** (B) बी. हमिंगबर्ड विश्व का सबसे छोटा पक्षी है, इसकी लम्बाई 2 इंच होती है। यह सबसे छोटा अंडा देने वाला पक्षी है।

**94.** (C) प्रश्नोक्त 'रूपश्री योजना' पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा शुरू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत निर्धन परिवारों की लड़कियों को आर्थिक सुरक्षा के लिए उनके विवाह के अवसर पर प्रत्येक के बैंक खाते में राज्य सरकार द्वारा ₹ 25000 की राशि जमा की जाएगी।

**95.** (D) त्रिपिटक बौद्ध साहित्य को कहा जाता है।

त्रिपिटक में शामिल हैं—1. सुत्तपिटक, 2. विनयपिटक और 3. अभिधम्म पिटक।

| नाम | स्वरूप | विषय |
|---|---|---|
| 1. विनयपटिक | पिटको में लघुतम | बौद्ध संघ के आचार विचार व नियम-निषेध का संकलन |
| 2. सुत्तपिटक | पिटको में बृहतम | बुद्ध के उपदेशों व संवादों का संकलन |
| 3. अभिधम्मपिटक | पिटकों में मध्यम | बुद्ध के आध्यात्मिक व दार्शनिक विचारों का संकलन |

**96.** (D) स्वतंत्र (इंडिपेंडेंस) समाचार-पत्र के संस्थापक (1919) मोतीलाल नेहरू थे। यह पत्र अंग्रेजी में प्रकाशित होता था। जवाहरलाल नेहरू नेशनल हेराल्ड नामक पत्र के संस्थापक थे।

**97.** (D) अकबर के समान धर्म सहिष्णु एवं सामाजिक कार्यों के लिए सुल्तान जैनुल आबिदीन को 'कश्मीर का अकबर' कहा जाता है। उसने संस्कृत के कई ग्रंथों का अनुवाद कराया तथा श्रीभट्ट और मंसूर बिन अहमद जैसे वैद्यों को संरक्षण प्रदान किया।

**98.** (A) झारखंड राज्य के विधानमंडल का एकसदनात्मक है। भारतयी संविधान में यह उपबंध किया गया है कि भारत के प्रत्येक राज्य में एक विधान सभा होगी, जो प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में वयस्क मतदान के आधार पर प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित सदस्यों से मिलकर बनेगी।

**99.** (A) झारखंड से राज्य सभा के लिए चुने जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या 6 है तथा झारखंड से लोक सभा के लिए चुने जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या 14 है।

**100.** (D) गूगल इंडिया के सहयोग से केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'इक्रेडिबल इण्डिया' पर 360° वर्चुअल रियलिटी (VR) वीडियो 26 अप्रैल, 2018 को लांच किया गया है।

❐❐